तापमान
अधिकतम 39.6 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 15 मार्च 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

## खबर संक्षेप

### पारा 40 डिग्री के करीब गर्म हवा से बैचेनी बढ़ी

**बिलासपुर।** सूरज की तपिश के आगे हर कोई पस्त हो रहा है। अधिकतम तापमान बढ़ते हुए 40 डिग्री के करीब जा पहुंचा है, जिसके चलते दिन में 12 से 4 बजे तक गर्म हवाएं चल रही है, मार्च में इतनी अधिक गर्मी, लोगों को मई का महीना की याद दिला रहा है। प्रदेश में सर्वाधिक गर्मी बिलासपुर जिले में दर्ज की गई है। जहां पारा 39.6 डिग्री जा पहुंचा, खास बात यह है कि अधिकतम तापमान का सामान्य तापमान से 4.4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। दिन में समय गर्म हवाओं के थपड़े महसूस हो रहे थे। जानकारों के मुताबिक जिस तरह मार्च माह में गर्मी पड़ रही है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अप्रैल और मई के महीने में गर्मी अपने चरम पर होगी।

### सर्वाइकल कैंसर से बचने लगेगा टीका

**बिलासपुर।** 14 वर्ष की किशोरियों को जल्द ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाना है। विशेष टीकाकरण राष्ट्रीय अभियान के तहत चलाए जाने वाले इस अभियान की शुरूआत 16 मार्च से की जा रही है। अभियान में गार्डसिल नाम के क्वाड्रिवैलेंट एचपीव्ही टीके की एक खुराक लगाई जाएगी। यह टीका निकट भविष्य में किशोरियों को होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव में मदद करेगी। स्वास्थ्य केन्द्रों में सुबह 9.30 से 2 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिले में 30 शासकीय कोल्ड चैन प्लाइँट बनाए गए है, जिसमें सिम्स, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामिल है।

### अधिकांश जगहों पर विवाद की स्थिति भी बन रही है

# गैस एजेंसियों के गोदाम में भीड़, लोग कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में एलपीजी का संकट गहरा रहा है। ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने पर गैस एजेंसियों में लोगों की भीड़ जमा होने लग गई, क्योंकि ऑफलाइन बुकिंग की सुविधा नहीं है। शहर की सभी एजेसियों और गोदाम में सुबह 7 बजे से लाइन लग रही है और घंटों इतजार में खड़े हो रहे हैं। कई जगहों पर सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। खास बात कि खाद्य विभाग या प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं है। प्रशासन ने टोल फ्री नंबर जारी करके अपनी ड्यूटी पूरी कर ली है। अधिकांश जगहों पर विवाद की स्थिति भी बन रही है।

- एजेसियों और गोदाम में सुबह 7 बजे से लाइन लग रही है

एलपीजी आपूर्ति की सही स्थिति जानने के लिए हरिभूमि की टीम ने शहर के अलग-अलग गैस एजेंसी में जाकर पड़ताल की तो पाया कि हर जगह लोगों की लंबी लाइन सिलेंडर लेने के लिए लगी थी। कोई केवाईसी के लिए चक्कर काट रहा था, तो कोई घर तक सिलेंडर नहीं पहुंचने पर परेशान था। किसी का नंबर नहीं लग रहा तो कोई घंटो कतार में खड़े होने को मजबूर है। लोगों को डर है कि युद्ध के कारण सिलेंडर मिलेगा कि नहीं। लोग तेज धूप में घंटों खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सर्वर ठप हो जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

### इसलिए खास तौर पर परेशान हैं लोग

- नए सिस्टम के अपडेट होने के बाद से गैस एजेंसियों के आधिकारिक नंबर या तो 'आउट ऑफ रीच' आ रहे हैं या फिर घंटों इंतजार के बाद भी कॉल नहीं लग रही है
- नए नियमों के तहत डिलीवरी के समय मोबाइल पर आने वाला 'डिलिवरी ऑथेंटिकेशन कोड' (डीएसी) अनिवार्य कर दिया गया है। कई बुजुर्गों और बिना स्मार्टफोन वाले उपभोक्ताओं के लिए यह प्रक्रिया सिरदर्द बन गई है
- पहले जो सिलेंडर 24 से 48 घंटों में घर पहुँच जाता था, अब उसे आने में 10 से 15 दिन का समय लग रहा है
- समय पर डिलीवरी न होने के कारण जनता में इस बात का डर है कि कहीं फिर से गैस की कालाबाजारी शुरू न हो जाए


भारतीय नगर में घरेलू गैस की कामर्शियल सिलेंडर में पलटी करता युवक


लाफागढ़ गैस एजेंसी के बाहर लगी लोगों की कतार।


जूना बिलासपुर में भी चल रहा खाली सिलेंडर में गैस पलटी करने का खेल

### ऑनलाइन और मिस्ड कॉल से बुकिंग बंद

फिलहाल ऑनलाइन और मिस्ड कॉल के जरिए गैस सिलेंडर की बुकिंग अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को भी सिलेंडर की डिलीवरी के लिए करीब 18 से 20 दिन का इंतजार करने की बात कही जा रही है। सर्वर डाउन और गाड़ी नहीं आने से घरेलू सिलेंडर के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं कॉमर्शिलय सिलेंडर की सप्लाई नहीं आने से होटल व्यावसाइयों की परेशानी बढ़ गई है। हांलाकि एजेंसी संचालक इसमें जल्द सुधार होन की बात कह रहे हैं।

### एजेंसी में लगा दिया गया ताला

सरकंडा स्थित शारदा गैस एजेंसी के गोदाम में ताला लगा दिया गया है। सिलेंडर के लिए पहुंचे लोगों से कह दिया गया कि गैस खत्म हो गया है और फिलहाल नई गाड़ी आने की भी संभावना नहीं है। सुबह से लोग एजेंसी पहुंचे थे, सिलेंडर नहीं मिलने से वे यहां भटकते और परेशान नजर आ रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि किल्लत और जमाखोरी के बीच ब्लैकमार्केटिंग भी हो रही है। 1500 में सिलेंडर खरीदने के लिए मजबूर हैं लोग। एक उपभोक्ता ने बताया कि उनके घर में शादी की पार्टी है उसके लिए सिलेंडर लेने पहुंचा था, लेकिन नहीं मिल रहा है।

### गैस रिफिलिंग का वीडियो वायरल

इधर व्यावसायिक गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद होने के बाद अब घरेलू गैस सिलेंडर की रिफलिंग भी शुरू हो गई है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दुकान के अंदर घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में गैस भरते दिखाई दे रही है। यह भारतीय नगर इलाके का है, जहां गरिमा किचन केयर में यह अवैध काम किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक टीम लगातार जांच कर रही है और कई स्थानों पर छापे भी मारे जा रहे हैं। बिलासपुर में ही 150 से अधिक सिलेंडर की जब्ती अभी तक की जा चुकी है।

### हरिभूमि की टीम ने शहर की एजेंसियों का जायजा लिया

**केस 1**

सुबह 10 बजे टीम सरकंडा के मुक्तिधाम चौक स्थित इंडेन के शारदा गैस सर्विस पहुंची तो लंबी कतारें देखीं गईं। यहां लोगों की भीड़ एजेंसी के बाहर से लेकर सड़क तक थी। अधिकतर लोगों ने बताया कि उनकी गैस की बुकिंग नहीं हो रही है, सर्वर डाउन की समस्या आ रही है। एजेंसी में ऑनलाइन करने कहा जा रहा है लेकिन साइट बंद कर दिया गया है। चांटीडीह के रुपेश वर्मा और सरजू बगीचा के रवि परसयानी ने कहा कि कतार में सुबह 8 बजे से खड़े होने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है।

**केस 2**

दोपहर साढ़े बजे मगरपारा रोड बालाजी गैस एजेंसी में महिलाओं की भीड़ अधिक थी। कतारें सड़क तक थीं और लोग धूप में अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। तिफरा कालिका नगर निवासी श्रीमती रेखा पांडे ने बताया कि वे तीन दिनों से लगातार पहुंच रही हैं लेकिन सर्वर की समस्या बताकर लौटाया जा रहा है। बार-बार आने जाने में आटो का किराया भी देना पड़ रहा है। तिफरा की श्रीमती सुनीता साहू ने बताया कि दो तारीख को नंबर लगाने के बाद डीएसी नंबर भी आया लेकिन सिलेंडर नहीं मिला।

**केस 3**

दोपहर डेढ़ बजे बस स्टैंड स्थित भारत गैस सर्विस के अभिवन गैज एजेंसी पहुंचने पर देखा गया कि सिर्फ बुकिंग के लिए ही लंबी लाइन सीढ़ियों तक थी। यहां कर्मचारियों के लंच पर जाने के बाद भी गैस सिलेंडर के लिए भीड़ एजेंसी में लगी थी। तेलीपारा के आकाश शर्मा ने बताया कि सिलेंडर घर नहीं पहुंच रहा है इसलिए टंकी लेकर आए हैं कि यहीं से लेकर चले जाएं। ऑनलाइन बुकिंग करने का ट्राई किया जा रहा है, लेकिन नहीं हो रहा है। एजेंसी में कह रहे है कि कोशिश करते रहो। वहीं, एजेंसी वालों को कहना था कि सर्वर में समस्या चल रही है, जिन लोगों ने 15 दिन पहले बुक किया था। उनको पहले सिलेंडर दिया जा रहा है।

## पेट्रोलियम पदार्थों की कमी को मुख्यमंत्री ने बताया अफवाह



- गोठानों के भ्रष्टाचार को लेकर पिछली कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

बिलासपुर प्रवास पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पेट्रोल-डीजल की कमी की बात को अफवाह बताया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थो सप्लाई लगातार जारी है। वहीं गोठानों के नाम पर भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री ने पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पत्रकारों द्वारा पेट्रोलियम पदार्थो की संभावित कमी के संबंध में प्रश्न किया गया तो मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में किसी भी तरह की कमी नहीं है। भारत के कई देशों से अच्छे संबंध है और इरान के साथ भी भारत की दोस्ती मजबूत है। ऐसे में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति लगातार जारी है और देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ लोग बेवजह अफवाहें फैला रहे हैं। इसलिए जनता से अपील है कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें। सरकार स्थिति पर पूरी तरह नजर बनाए हुए है और देश में कही भी पेट्रोल या डीजल की कर्मी नहीं होने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गौधाम योजना का शुभारंभ को लेकर बताया कि गौधामों में पशुओं के लिए चारा कैसे उगाया जाए, उनकी देखभाल कैसे की जाए और गोबर व गौमूत्र से औषधि और अन्य उपयोगी उत्पाद कैसे बनाए जाएं, इसके लिए भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पशुपालकों और किसानों को नई जानकारी मिलेगी और उनकी आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गौठान के नाम पर कितना भ्रष्टाचार हुआ यह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अब सरकार व्यवस्थित तरीके से गौधाम विकसित कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना से सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों की समस्या कम होगी और दुर्घटनाओं में भी राहत मिलने की उम्मीद है।



# THE IITIAN'S HUB [FOR-IIT/NEET]







## Run & Managed by Gaur Sir / Khan Sir / Raman Sir and Team

## Pride of Bilaspur : Best Teachers Award 2025-26






भारी भरकम ट्यूशन फीस से मुक्ति, 75% स्कॉलरशिप

## ADMISSION ANNOUNCEMENT FOR

| Foundation Courses | 9th / 10th | 11th / 12th | Droppers Batch |
|---|---|---|---|
| VII / VIII School Exam / Olympiad + KVPY | School Exam Olympiad / KVPY | School Exam IIT / NEET / Board +CUET + PAT | NEET 2026-27 After XII |

| स्कॉलरशिप | क्रैश कोर्स | Summer Course | Study Center |
|---|---|---|---|
| Upto 70% पूर्व कक्षा के Result के आधार पर (मार्कशीट की फोटोकापी साथ लावे) | After XII Exam NEET / CUET / PAT 40 Days | IX, X, XI, XII Class | Mopka & R.K. Nagar Class VI to X |

**MAIN BRANCH 1**
Ojha Complex, Ageya Nagar, Vyapar Vihar Road, Near Bhartiya Nagar Chowk, Bilaspur

**BRANCH 2**
Nehru Chowk, State Bank [Above ATM] Bilaspur

**BRANCH 3**
Sanchi Homes Ramkrishna Nagar Mopka, Bilaspur

**Contact : 78692-32481, 98933-75765, 88274-95631**

## खबर संक्षेप

### अमर ने किया सूत सारथी समाज की वैवाहिक पत्रिका का विमोचन



**बिलासपुर।** सूत सारथी समाज बिलासपुर का प्रतिनिधि मंडल प्रभारी प्रांताध्यक्ष एमआर बघेल एवं प्रांतीय महासचिव शिव सारथी के अगुवाई में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल से उनके निवास में जाकर सौजन्य मुलाकात की। सूत सारथी समाज के महासम्मेलन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन में सहभागी बने युवक युवतीयों के वैवाहिक पत्रिका शुभ लग्न पत्रिका का अमर अग्रवाल के हाथों विमोचन कराया। समाज कें कल्याण के लिए प्रतिनिधिमंडल ने श्री अग्रवाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सूत सारथी कल्याण बोर्ड गठन के लिए समाज की ओर से मुख्यमंत्री के एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उन्होंने समाज के महासचिव शिव सारथी को पुनः समाज के युवक युवतीयों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने एवं उस कार्यक्रम में खुद भागीदारी निभाकर सहयोग करने की बात की। समाज के प्रभारी प्रांताध्यक्ष एमआर बघेल, महासचिव शिव सारथी, बिलासपुर युवा अध्यक्ष संदीप सोनवानी एवं आनंद सारथी ने समाज से अपील की है कि आज के दौर में महंगे एवं दिखावे की शादी जो बहुत ज्यादा खर्चीला और मितव्ययिता वाली होती है से परहेज करके समाज कल्याण एवं खर्च रोकने के लिए समाज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सहभागी बनें एवं अन्य समाज के सामने आज आदर्श प्रस्तुत करें।

### साइंस कालेज की प्राध्यापक मरावी सम्मानित



**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने साइंस कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. सुनंदा मरावी की आर्यन फिल्म्स के साथ जागरूकता के लिए कार्य करते हुए फ़िल्म मेकिंग, अभिनय तथा निर्देशन की सराहना की तथा बेहतरीन अभिनय के लिए महिला दिवस पर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सुनंदा मरावी ने कहा कि यह सम्मान मेरे कार्यों के परिमार्जन और परिष्करण में निश्चय ही मार्ग प्रशस्त करेगा। आर्यन फिल्म्स के निर्देशक रामानंद तिवारी ने इस हेतु कलेक्टर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मुख्यमंत्री ने कहा गोधन संरक्षण व गौसेवा को बढ़ावा देने राज्य सरकार प्रतिबद्ध

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बिलासपुर से 11 जिलों के 29 गौधामों का किया शुभारंभ




सीयू के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को बिलासपुर के गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रथम चरण में राज्य के 11 जिलों में 29 गौधामों ने कामकाज शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जोगीपुर में बनने वाले राज्य के प्रथम गौ अभ्यारण्य का शिलान्यास भी किया। इनमें बिलासपुर जिले के लाखासार, ओखर, जैतपुर और हरदीकला गौधाम भी शामिल है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने की और कार्यक्रम में कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी व अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पशुपालक, गौ सेवक, किसान, ग्रामीणजन उपस्थित रहें। वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों के पशुपालक वर्चुअल जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में जिले के कोटा विकासखण्ड के ग्राम जोगीपुर में प्रस्तावित गौ अभ्यारण्य का शिलान्यास भी किया।

यह अभ्यारण्य लगभग 184 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। राज्य सरकार द्वारा इसके विकास के लिए प्रथम चरण में 1 करोड़ 32 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके पूर्ण होने पर अभ्यारण्य में एक साथ 2500 के लगभग पशुओं का संरक्षण किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गौधाम योजना के माध्यम से बेसहारा एवं घुमंतू गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा तथा पशुधन संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एनडीडीबी के साथ एमओयू किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में शासकीय भूमि पर स्थापित होने वाले सभी गौधाम अब "सुरभि गौधाम" के नाम से जाने जाएंगे।

इन गौधामों में पशुपालन, हरा चारा उत्पादन तथा गोबर से उपयोगी उत्पाद तैयार करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस योजना से सड़क दुर्घटना में भी कमी आएगी।

#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूतीः तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने गौधाम योजना का शुभारंभ को एक पुनीत अवसर बताते हुए कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। गोधन संरक्षण के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

#### प्रत्येक ब्लॉक में बनेंगे 10-10 गौधाम : रामविचार

प्रदेश के कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि पूरे प्रदेश में एक साथ गौधाम योजना की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विकासखंडों में 10-10 गौधाम चरणबद्ध रूप से स्थापित किए जाएंगे।

#### गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम लाखासार स्थित गौधाम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गोमाता की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना कर गौधाम परिसर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने गौधाम में आश्रय प्राप्त बेसहारा एवं आवारा पशुओं की देखरेख, चारा, पानी तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। लाखासार में गौधाम 25 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें 19 एकड़ में जानवरों को खिलाने के लिए हरा चारा की खेती की जा रही है। गौधाम का संचालन कामधेनु गौशाला समिति द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री ने चारागाह का भी अवलोकन करने के बाद कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की जा रही गौधाम योजना का उद्देश्य प्रदेश में बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बहुत सौभाग्य का दिन है कि लाखासार की पावन भूमि से गौधाम योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। गोधन हमारी ग्रामीण संस्कृति, कृषि व्यवस्था और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोधन संरक्षण और बेसहारा मवेशियों की देखभाल के लिए गौधाम योजना को राज्यभर में चरणबद्ध तरीके से लागू कर रही है, जिससे गौसेवा की परंपरा को मजबूती मिलने के साथ ही पशुधन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लाखासार क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने लाखासार में महतारी सदन, मिनी स्टेडियम तथा 500 मीटर लंबाई के गौरव पथ के निर्माण के साथ ही लाखासार गौधाम में प्रशिक्षण भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये स्वीकृत करने तथा एक काऊ कैचर और एक पशु एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

#### सरकार के प्रयासों से क्षेत्र में विकास को नई गति : सिंह

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हो रहा है। तखतपुर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा अनेक कार्य प्रगतिरत हैं। सरकार के प्रयासों से क्षेत्र में विकास को नई गति मिली है।

## डा. सिंह की किताब का रायपुर में विमोचन



पुस्तक के विमोचन अवसर पर उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एम्स रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में डा. भानुप्रताप सिंह की किताब स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर फार ब्लड सेंटर्स का विमोचन किया गया। इंडियन सोसायटी आफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनोहेमेटोलाजी आईएसबीटी द्वारा आयोजित सम्मेलन में राज्य भर के रक्त बैंक विशेषज्ञ, पैथोलॉजिस्ट, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विशेषज्ञ तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े अनेक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इस अवसर पर शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कोनी, बिलासपुर में डायरेक्टर प्रोफेसर (पैथोलॉजी) एवं मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट के पद पर कार्यरत डा. सिंह की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की व्यापक सराहना की गई। यह पुस्तक रक्त केंद्रों के संचालन, गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षित रक्त आधान व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

पुस्तक का औपचारिक विमोचन निदेशक, एम्स रायपुर (लेफ्टिनेंट जनरल) डा. अशोक जिंदल, निदेशक, बाल्को अस्पताल डा. भावना सिरोही तथा पूर्व निदेशक, जेएलएन अस्पताल सेक्टर-9 डा. रविंद्रन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने इस पुस्तक को रक्त केंद्रों के लिए एक उपयोगी और व्यवहारिक मार्गदर्शिका बताया।

अपने संबोधन में डॉ. अशोक जिंदल ने कहा कि रक्त बैंकिंग और ट्रांसफ्यूजन सेवाओं में मानकीकृत प्रक्रियाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस प्रकार की पुस्तकों से रक्त केंद्रों में कार्यरत चिकित्सकों, तकनीशियनों और स्टाफ को स्पष्ट दिशा-निर्देश मिलते हैं, जिससे मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि कैंसर उपचार सहित कई गंभीर रोगों के उपचार में रक्त और उसके घटकों की आवश्यकता होती है। ऐसे में रक्त केंद्रों की कार्यप्रणाली यदि वैज्ञानिक और व्यवस्थित हो तो इससे मरीजों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता दोनों में सुधार होता है। उन्होंने इस पुस्तक को रक्त बैंकिंग के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

इस अवसर पर पुस्तक के लेखक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि रक्त केंद्रों में कार्य करने वाले चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों के लिए स्पष्ट और व्यवहारिक एसओपी की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी उद्देश्य से इस पुस्तक को तैयार किया गया है, ताकि रक्त संग्रहण, परीक्षण, भंडारण और वितरण से संबंधित सभी प्रक्रियाएं एक मानक ढांचे में संचालित हो सकें। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक विशेष रूप से ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, पैथोलॉजी तथा ब्लड बैंकिंग से जुड़े चिकित्सकों, तकनीशियनों और छात्रों के लिए एक उपयोगी संदर्भ ग्रंथ के रूप में कार्य करेगी।

## सीएम साय ने हर्षिता की बेटी को दिया आशीर्वाद



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शनिवार को भाजपा की प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पाण्डेय के बिलासपुर महावीर नगर स्थित निज निवास पहुंचे और उनकी बिटिया उत्हर्षिता कुहू को 'कर्णवेधन-संस्कार' के लिए आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कर्णवेधन संस्कार की सनातनी परम्परा के लिये श्रीमती हर्षिता पाण्डेय की सराहना की।

इससे पूर्व उत्कर्ष तिवारी, पूर्व आई.ए.एस. अनुराग पाण्डेय ने मुख्यमंत्री श्री साय एवं श्री साहू का स्वागत किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, शहर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक,बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, पूर्व सांसद श्री लखन लाल साहू, कमिश्नर सुनील कुमार जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग, एसएसपी रजनेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत अमित अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त श्री सर्वे सहित अन्य उपस्थित थे।

■ 'कर्णवेधन-संस्कार' के लिए दिया आशीर्वाद

### दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस रूकेगी मैहर स्टेशन में

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा नवरात्रि मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दपूमरे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का 5 मिनट का अस्थायी ठहराव पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मण्डल के मैहर स्टेशन में 18 से 29 मार्च तक के लिए दिया जा रहा है। 18 से 28 मार्च तक दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी मैहर स्टेशन 5.35 बजे से 5.40 बजे तक और 20 से 29 मार्च तक नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में 1.55 बजे से 2.00 बजे रोकी जाएगी।

### पेंड्रारोड स्टेशन का मुख्य द्वार बंद

**बिलासपुर।** यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य तेज़ी से प्रगति पर हैं। इसी क्रम में स्टेशन को और अधिक आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए स्टेशन भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य पोर्च के निर्माण का कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार 15 मार्च से 31 मई तक अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। इस अवधि के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन भवन के बिलासपुर छोर की ओर वैकल्पिक प्रवेश एवं निकास द्वार की व्यवस्था की गई है।

### सिवनी से नैनपुर रेलखंड का किया व्यापक निरीक्षण

## पटरी से कैसे उतरी शहडोल-नागपुर, देखने पहुंचे जोन के जीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहडोल से नागपुर की ओर जा रही एक्सप्रेस के पीछे के कोच एक दिन पहले पटरी से उतर गए। इसकी सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था को सुधार लिया, लेकिन बड़ी घटना की संभावना और अन्य तकनीकी दिक्कतों का निरीक्षण करने के लिए दूसरे दिन जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश घटना स्थल पर पहुंचे।



शुक्रवार की दोपहर शहडोल से नागपुर की ओर जा रही 11202 एक्सप्रेस के रियर एसएलआर ब्रेकयान का पहिया नैनपुर से केवलारी रेलखंड में खैररांजी के पास पटरी से उतर गया था। अचानक ट्रेन के कोच के बेपटरी होने के कारण सफर करने वाले यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। सूचना पर विभागीय टीम और एआरटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब दो घंटे तक मेंटेंनेंस कार्य करने के बाद व्यवस्थित किया और पटरी से उतरे कोच को अलग करने के बाद अन्य कोच को आगे रवाना कर दिया गया। इस घटना के बाद जांच टीम का गठन तो कर दिया गया, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए दूसरे दिन शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने नागपुर मंडल पहुंचकर सिवनी से नैनपुर रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने सिवनी, नैनपुर स्टेशन तथा नैनपुर–केवलारी सेक्शन का विशेष रूप से जायजा लिया। इस अवसर पर नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने ट्रैक की गुणवत्ता, रेल पथ के अनुरक्षण कार्य, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग की स्थिति, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था, स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं तथा यात्री सुविधाओं का गहन कर संबंधित अधिकारियों से घटना के कारणों एवं उसके पश्चात किए गए सुधारात्मक उपायों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। तरुण प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेल संरचना के अनुरक्षण में उच्चतम मानकों का पालन किया जाए तथा ट्रैक, सिग्नलिंग एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की नियमित एवं गहन जांच सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेल परिचालन, संरक्षा संबंधी पहलुओं तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा की।



## दो हफ्तों से कच्चे तेल के झटकों का सामना कर रहे दुनिया के बाजार

# गिरता बाजार दे रहा निवेश का मौका सावधानी के साथ उठा सकते हैं फायदा

### निवेशकों की संपत्ति में लगभग 34 लाख करोड़ की कमी आई



भारतीय इक्विटी बाजारों को पिछले दो हफ्तों से कच्चे तेल के झटके (क्रूड शॉक) का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध और बढ़ती तेल कीमतों ने वैश्विक निवेशकों को डरा दिया है और सेंसेक्स तथा निफ्टी भी इस बिकवाली से अछूते नहीं रहे हैं। संघर्ष शुरू होने के बाद से सिर्फ दो हफ्तों और नौ ट्रेडिंग सत्रों में निवेशकों की संपत्ति में लगभग 34 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई। युद्ध खत्म होने के अभी कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, इसलिए यह कहना मुश्किल है कि दलाल स्ट्रीट पर चल रही यह गिरावट कब और कहां थमेगी। 27 फरवरी को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 46,325,200.41 करोड़ रुपये था। 13 मार्च 2025 तक यह घटकर 42,939,960.29 करोड़ रुपये रह गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें (एक समय यह लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं), वैश्विक बाजारों में लगातार बिकवाली, विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पूंजी निकासी और भारतीय रुपये की कमजोरी इन सभी ने बाजार की धारणा को कमजोर किया है। निफ्टी-50 ने कई वर्षों में अपनी सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का असर सिर्फ तेल और एलपीजी की आपूर्ति पर ही नहीं, बल्कि अन्य व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है, जिसका प्रभाव भारत के कई क्षेत्रों पर पड़ सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि निवेशकों को क्या करना चाहिए—क्या उन्हें शेयर बाजार में निवेश बनाए रखना चाहिए?

#### शेयर बाजार की स्थिति : क्या दीर्घकालिक विकास की कहानी बरकरार है?

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव के समय सामान्य गिरावट भी वास्तविकता से कहीं ज्यादा गंभीर दिखाई दे सकती है। उनका मानना है कि भारतीय निवेशकों के नजरिये से भारतीय शेयर बाजार की दीर्घकालिक संभावनाएं अब भी सकारात्मक हैं। वे यह भी बताते हैं कि वैश्विक संकटों के बीच भी भारत की विकास दर मजबूत बनी हुई है। मूडीज एनालिटिक्स के अनुसार हालिया शिखरों से पिछले 12 महीनों की गिरावट को देखें तो चीन और भारत दोनों में गिरावट अपेक्षाकृत सीमित रही है और यह सामान्य बाजार उतार-चढ़ाव के अनुरूप है। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि दोनों अर्थव्यवस्थाएं खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों से बड़ी मात्रा में तेल आयात करती हैं, लेकिन घरेलू खपत में ऊर्जा आयात का हिस्सा अपेक्षाकृत कम है, जिससे तेल कीमतों के झटकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता सीमित रहती है। इसके अलावा शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों की भागीदारी भी अपेक्षाकृत कम है और चीन में पूंजी नियंत्रण भी अस्थिरता को सीमित करते हैं।

#### कॉरपोरेट आय का दृष्टिकोण मजबूत

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि भारत की दीर्घकालिक विकास और निवेश की कहानी अभी भी मजबूत है। उनके अनुसार बढ़ती घरेलू खपत, निरंतर बुनियादी ढांचा निवेश, व्यापक डिजिटल परिवर्तन और कॉरपोरेट बैलेंस शीट में सुधार जैसे संरचनात्मक कारक बाजार के सकारात्मक दृष्टिकोण को समर्थन देते हैं। इसके साथ ही विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली नीतियां, ऊर्जा संक्रमण, कर सुधार, बुनियादी ढांचा विकास और निजी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी भी इस दृष्टिकोण को मजबूत करती है। एक प्रमुख धारणा यह भी है कि मौजूदा अमेरिका-ईरान युद्ध लंबे समय तक नहीं चलेगा। हालांकि इससे बाजार मूल्यांकन दीर्घकालिक औसत से नीचे आ गया है, लेकिन आने वाले महीनों में वैल्यू-बायिंग के कारण तेज उछाल देखने को मिल सकता है। वित्त वर्ष 2027 के लिए कॉरपोरेट आय का दृष्टिकोण भी मजबूत माना जा रहा है।

#### तेज गिरावट से अब वैल्यूएशन आकर्षक

एसबीआई सिक्योरिटीज में फंडामेंटल रिसर्च प्रमुख सनी अग्रवाल का कहना है कि इतिहास बताता है कि बाजार हमेशा चिंता की दीवार चढ़ता है। बाजार ने कई युद्ध, वैश्विक आर्थिक संकट और महामारी जैसी स्थितियां देखी हैं और हर बार नए उच्च स्तर तक पहुंचा है। ऐतिहासिक आंकड़े बताते हैं कि लगभग 17 महीने तक ठहराव के बाद अगले 6 महीने से 3 साल के दौरान इक्विटी ने शानदार रिटर्न दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले कुछ महीनों में बाजार में आई तेज गिरावट के कारण अब वैल्यूएशन आकर्षक हो गए हैं। इनक्रेड मनी के सीईओ विजय कुप्पा बताते हैं कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली के कारण भारतीय बाजार प्रभावित हुआ है।

**निवेश मंत्रा** | **बिजनेस डेस्क**

#### 18 प्रतिशत तक की गिरावट सामान्य

आनंद राठी वेल्थ के कार्यकारी निदेशक चिराग मुनी के अनुसार अगले पांच वर्षों में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहने की संभावना है। वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6–7 प्रतिशत के आसपास रहने और मुद्रास्फीति 4–5 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है, जिससे नाममात्र जीडीपी वृद्धि लगभग 11–12 प्रतिशत रह सकती है। इससे दीर्घकाल में कॉरपोरेट आय और शेयर बाजार को समर्थन मिलेगा। वे बताते हैं कि 2001 के बाद से लगभग 18 प्रतिशत तक की गिरावट सामान्य रही है और बाजार आम तौर पर एक साल में इससे उबर जाता है। भू-राजनीतिक तनाव के दौरान भी निफ्टी में 5–7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलती है और अधिकांश मामलों में एक महीने के भीतर बाजार संभल जाता है। घरेलू निवेशकों की भागीदारी भी बाजार को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 2025 में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लगभग 7.88 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि विदेशी निवेशकों ने करीब 1.66 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की। मार्च 2026 में भी स्मॉल-कैप फंड्स में लगभग 700 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। इससे पता चलता है कि निवेशक घबराहट में फैसले नहीं ले रहे हैं।

#### निवेशकों को क्या करना चाहिए?

विशेषज्ञों का मानना है कि मध्य-पूर्व युद्ध और ऊर्जा कीमतों पर इसका असर अगले कुछ हफ्तों में कम हो सकता है। एसबीआई सिक्योरिटीज के अनुसार निवेशकों को इस अवसर का उपयोग दीर्घकालिक निवेश के लिए करना चाहिए और मजबूत बुनियादी कंपनियों में निवेश बढ़ाना चाहिए। जिन क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन की संभावना है उनमें बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं (बीएफएसआई), ऑटो और ऑटो एंसिलरी, कंज्यूमर डिस्क्रिशनरी, न्यू-एज बिजनेस तथा पावर सेक्टर शामिल हैं। विजय कुप्पा का कहना है कि स्मॉल और मिडकैप शेयरों में अच्छी कीमत और समय के आधार पर सुधार हो चुका है। निवेशकों को हर गिरावट पर धीरे-धीरे निवेश बढ़ाना चाहिए। जो निवेशक सीधे शेयरों में निवेश करने में सहज नहीं हैं, वे ईटीएफ या म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। विशेषज्ञ संतुलित पोर्टफोलियो बनाए रखने की सलाह देते हैं। चिराग मुनी के अनुसार दीर्घकालिक निवेशकों को अनुशासन बनाए रखना चाहिए और निवेश रणनीति से विचलित नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार पोर्टफोलियो में लगभग 80 प्रतिशत निवेश इक्विटी और 20 प्रतिशत डेट में रखना उचित हो सकता है। इक्विटी हिस्से में 55 प्रतिशत लार्ज-कैप और बाकी मिड व स्मॉल-कैप में निवेश किया जा सकता है। 10–15 प्रतिशत की बाजार गिरावट को अतिरिक्त निवेश के अवसर के रूप में देखा जा सकता है, जिससे निवेशक भविष्य में होने वाली रिकवरी का लाभ उठा सकें। हालांकि मिराए एसेट शेयरखान के रिसर्च विश्लेषक थॉमस वी. अब्राहम थोड़ी सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। उनके अनुसार यदि संकट लंबा खिंचता है तो यह कॉरपोरेट मुनाफे पर दबाव डाल सकता है, पूंजी निवेश को टाल सकता है और विनिर्माण, फार्मा तथा हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में आय वृद्धि को सीमित कर सकता है। उनकी सलाह है कि निवेशक मौजूदा निवेश बनाए रखें, लेकिन पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता के लिए पुनर्संतुलित करें। नई पूंजी को चरणबद्ध तरीके से मजबूत कंपनियों में लगाया जा सकता है।

#### ऐसा रख सकते हैं पोर्टफोलियो

- रक्षात्मक निवेश (60–70%): फार्मा और एफएमसीजी जैसे सेक्टर
- अवसरवादी निवेश (20–30%): बड़े कैप शेयर जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज में निवेश
- हेज (लगभग 10%): सोना, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन बॉन्ड या 3–6 महीने की फिक्स्ड डिपॉजिट
- इस मिश्रण से अस्थिर दौर में स्थिरता बनाए रखते हुए अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है।

## सरकारी बैंकों की स्पेशल एफडी दे रही अच्छा रिटर्न




बिजनेस डेस्क

सुरक्षित निवेश की तलाश करने वाले लोगों के लिए इस समय सरकारी बैंकों की विशेष सावधि जमा (एफडी) योजनाएं आकर्षक विकल्प बनकर सामने आई हैं। देश के कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सीमित अवधि के लिए विशेष सावधि जमा योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें सामान्य सावधि जमा की तुलना में अधिक ब्याज दर दी जा रही है। इन योजनाओं की अवधि भी अपेक्षाकृत कम रखी गई है, जिससे निवेशकों को कम समय में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना रहती है। बैंक समय-समय पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ऐसी विशेष योजनाएं लाते हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य बचत को बढ़ावा देना और बैंकिंग प्रणाली में निवेश को प्रोत्साहित करना होता है। वर्तमान में कई सरकारी बैंक 400 दिन से लेकर 666 दिन तक की अवधि वाली विशेष सावधि जमा योजनाएं चला रहे हैं, जिनमें सामान्य निवेशकों को लगभग 6.45 प्रतिशत से लेकर 6.75 प्रतिशत तक ब्याज दिया जा रहा है।

#### पंजाब एंड सिंध बैंक दे रहा सबसे अधिक ब्याज

इस समय सरकारी बैंकों में सबसे अधिक ब्याज दर पंजाब एंड सिंध बैंक की विशेष सावधि जमा योजना पर मिल रही है। यह बैंक 666 दिन की अवधि वाली विशेष एफडी पर लगभग 6.75 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दे रहा है। सुरक्षित निवेश के साथ बेहतर ब्याज दर की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए यह योजना आकर्षक मानी जा रही है। अन्य सरकारी बैंकों की विशेष सावधि जमा योजनाएं देश के अन्य कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भी अपनी विशेष एफडी योजनाओं के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं।

#### किसी बैंक में कितनी ब्याज दर

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र- 400 दिन की एफडी पर 6.65 प्रतिशत ब्याज
- बैंक ऑफ इंडिया- 450 दिन की एफडी पर 6.60 प्रतिशत ब्याज
- इंडियन बैंक- 444 दिन की एफडी पर 6.60 प्रतिशत ब्याज
- इंडियन ओवरसीज बैंक- 444 दिन की एफडी पर 6.60 प्रतिशत ब्याज
- पंजाब नेशनल बैंक- 444 दिन की एफडी पर 6.60 प्रतिशत ब्याज
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया- 444 दिन की एफडी पर 6.60 प्रतिशत ब्याज
- केनरा बैंक- 555 दिन की एफडी पर 6.60 प्रतिशत ब्याज
- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया- 2222 और 3333 दिन की एफडी पर 6.50 प्रतिशत ब्याज
- बैंक ऑफ बड़ौदा- 444 दिन की एफडी पर 6.45 प्रतिशत ब्याज
- एसबीआई - 444 दिन की एफडी पर 6.45 प्रतिशत ब्याज

#### सीनियर सिटीजन को यह मिल रहा

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र- 400 दिन की एफडी पर 7.15 प्रतिशत ब्याज
- बैंक ऑफ इंडिया- 450 दिन की एफडी पर 7.10 प्रतिशत ब्याज
- इंडियन बैंक- 444 दिन की एफडी पर 7.10 प्रतिशत ब्याज
- इंडियन ओवरसीज बैंक- 444 दिन की एफडी पर 7.10 प्रतिशत ब्याज
- पंजाब नेशनल बैंक- 444 दिन की एफडी पर 7.10 प्रतिशत ब्याज
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया- 444 दिन की एफडी पर 7.10 प्रतिशत ब्याज
- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया- 2222 और 3333 दिन की एफडी पर 7 प्रतिशत ब्याज
- बैंक ऑफ बड़ौदा- 444 दिन की एफडी पर 7 प्रतिशत ब्याज
- एसबीआई- 444 दिन की एफडी पर 7.05 प्रतिशत ब्याज

#### इसलिए लोकप्रिय हो रही

निवेश विशेषज्ञों के अनुसार, हाल के समय में सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और अन्य जोखिमों के कारण कई निवेशक अपने पैसे को सुरक्षित विकल्पों में लगाना पसंद कर रहे हैं। ऐसे में सरकारी बैंकों की एफडी योजनाएं भरोसेमंद मानी जाती हैं।

## सैलरी बढ़ने के साथ बढ़ रहे खर्चे निवेश नहीं हो पा रहा तो यह करें

### सही योजना और अनुशासन से ही बढ़ेगी बचत और निवेश

### खर्चों पर नियंत्रण और बजट से ही बनेगी मजबूत आर्थिक स्थिति

बिजनेस डेस्क

आमतौर पर माना जाता है कि जब किसी व्यक्ति की आय बढ़ती है तो उसकी बचत और निवेश भी बढ़ने लगते हैं। लेकिन वास्तविकता अक्सर इससे अलग होती है। कई लोग सैलरी बढ़ने के बावजूद बचत नहीं कर पाते और निवेश भी नहीं कर पाते। इसका मुख्य कारण यह होता है कि आय बढ़ने के साथ-साथ खर्च भी तेजी से बढ़ने लगते हैं। वित्तीय भाषा में इस स्थिति को लाइफस्टाइल इंफ्लेशन कहा जाता है। इसका अर्थ है कि जैसे-जैसे व्यक्ति की कमाई बढ़ती है, वैसे-वैसे उसका रहन-सहन और खर्च का स्तर भी बढ़ जाता है। यदि समय रहते इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण नहीं किया जाए तो अतिरिक्त आय का लाभ बचत और निवेश के बजाय खर्चों में ही समाप्त हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि लोग अपनी बढ़ती आय के साथ खर्चों पर नियंत्रण रखें और व्यवस्थित तरीके से निवेश शुरू करें तो वे भविष्य के लिए मजबूत आर्थिक आधार तैयार कर सकते हैं।

#### छोटे-छोटे बढ़ते खर्चों पर रखें नजर

लाइफस्टाइल इंफ्लेशन अचानक नहीं बढ़ता, बल्कि यह धीरे-धीरे छोटे-छोटे खर्चों से शुरू होता है। उदाहरण के लिए, सैलरी बढ़ने के बाद कई लोग पहले की तुलना में अधिक कैब का इस्तेमाल करने लगते हैं, सामान्य ब्रांड की जगह महंगे ब्रांड खरीदने लगते हैं या फिर बार-बार बाहर खाना और घूमना शुरू कर देते हैं। इसके अलावा कई लोग प्रीमियम जिम, ऑनलाइन मनोरंजन प्लेटफॉर्म या अन्य डिजिटल सेवाओं की कई सदस्यताएं भी ले लेते हैं। शुरुआत में यह खर्च बहुत छोटे लगते हैं, लेकिन समय के साथ यह आपकी मासिक आय का बड़ा हिस्सा खर्च करने लगते हैं। इसलिए जरूरी है कि सैलरी बढ़ने के बाद भी अपने खर्चों पर नियमित नजर रखें और अनावश्यक खर्चों को सीमित करने की कोशिश करें।

#### वेतन वृद्धि सही नजरिए से देखें

जब आपकी सैलरी बढ़े तो सबसे पहले यह तय करें कि उस अतिरिक्त आय का कितना हिस्सा खर्च करना है और कितना हिस्सा बचत या निवेश में लगाना है। कई वित्तीय विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि सैलरी बढ़ने पर कम से कम आधा हिस्सा निवेश के लिए अलग कर देना चाहिए। इससे एक ओर आपकी बचत और निवेश लगातार बढ़ता रहेगा और दूसरी ओर आप अपनी आय में वृद्धि का आनंद भी ले पाएंगे। यदि आप अपनी आय बढ़ने के साथ बचत और निवेश भी बढ़ाते हैं तो लंबे समय में बड़ी पूंजी तैयार कर सकते हैं।

#### स्थायी खर्च करने से पहले सोचें

कुछ खर्च ऐसे होते हैं जो लंबे समय के लिए आपकी आर्थिक जिम्मेदारी बन जाते हैं। उदाहरण के लिए बड़ा घर किराए पर लेना, कार खरीदने के लिए कर्ज लेना या फिर महंगे क्लब और सेवाओं की सदस्यता लेना। ऐसे फैसले लेने से पहले यह जरूर सोचें कि यदि भविष्य में आपकी सैलरी कुछ समय तक नहीं बढ़ती या आय में कमी आ जाती है, तो क्या आप इन खर्चों को आसानी से संभाल पाएंगे। वित्तीय योजना बनाते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि आपकी आय का बड़ा हिस्सा स्थायी खर्चों में न फंस जाए। इससे आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

#### जीवनशैली को धीरे-धीरे सुधारें

सैलरी बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि आप तुरंत अपनी पूरी जीवनशैली बदल दें। बेहतर तरीका यह है कि धीरे-धीरे और सोच-समझकर अपने जीवन स्तर में सुधार करें। उदाहरण के लिए, सबसे पहले स्वास्थ्य बीमा, आपातकालीन फंड और दीर्घकालीन निवेश जैसे जरूरी वित्तीय कदम उठाएं। इसके बाद ही अन्य खर्चों पर ध्यान दें। धीरे-धीरे जीवनशैली में बदलाव करने से आपकी आय और खर्च के बीच संतुलन बना रहता है और भविष्य के लिए मजबूत बचत भी तैयार होती है।

#### बजट बनाना भी जरूरी

लाइफस्टाइल इंफ्लेशन को नियंत्रित करने के लिए मासिक बजट बनाना भी बहुत जरूरी है। यदि आप अपनी आय और खर्च का रिकॉर्ड रखते हैं तो आपको आसानी से पता चल जाता है कि आपका पैसा कहां खर्च हो रहा है।
बजट बनाने से आप यह तय कर सकते हैं कि कितनी राशि जरूरी खर्चों पर जाएगी, कितनी बचत में और कितनी निवेश में। इससे अनावश्यक खर्चों को कम करना आसान हो जाता है।
**निवेश की आदत बनाएं :** विशेषज्ञों का कहना है कि निवेश को खर्च की तरह ही एक नियमित आदत बना लेना चाहिए। जैसे ही सैलरी आपके खाते में आए, उसी समय कुछ राशि निवेश के लिए अलग कर दें। यदि निवेश को प्राथमिकता दी जाए तो धीरे-धीरे बड़ी पूंजी तैयार हो सकती है और भविष्य में आर्थिक सुरक्षा भी मिलती है।

## बाजार की अनिश्चितता में फ्लेक्सी कैप फंड बने निवेशकों की पसंद

### भू-राजनीतिक तनाव और उतार-चढ़ाव के दौर में रणनीतिक परिसंपत्ति आवंटन से बेहतर रिटर्न की उम्मीद

वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और शेयर बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच निवेशकों के लिए फ्लेक्सी-कैप फंड एक समझदारी भरा विकल्प बनकर उभर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में उतार-चढ़ाव के दौर में ऐसे फंड निवेशकों को बेहतर संतुलन और दीर्घकालीन रिटर्न देने में मदद कर सकते हैं। फ्लेक्सी-कैप फंड की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इनमें निवेश का वितरण बाजार पूंजीकरण के आधार पर तय नहीं होता। यानी फंड प्रबंधक अपनी रणनीति के अनुसार बड़ी, मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश का अनुपात बदल सकते हैं। इससे बाजार की स्थिति के अनुसार जोखिम को नियंत्रित करने और अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिलती है। फ्लेक्सी-कैप फंड का यही लचीलापन बाजार के विभिन्न चरणों में निवेशकों के लिए उपयोगी साबित होता है। उदाहरण के तौर पर, जब बाजार में अधिक अस्थिरता होती है तो फंड प्रबंधक अपेक्षाकृत स्थिर बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश बढ़ा सकते हैं। वहीं जब बाजार में तेजी और विकास की संभावनाएं बढ़ती हैं, तब मझोली और छोटी कंपनियों में निवेश का अनुपात बढ़ाया जा सकता है। इस रणनीति के कारण फंड प्रबंधक बाजार में बदलती परिस्थितियों के अनुसार अपने पोर्टफोलियो को संतुलित कर सकते हैं। इससे निवेशकों को लंबे समय में स्थिर और प्रतिस्पर्धी रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है।



#### बेहतर रिटर्न का रिकॉर्ड

आंकड़ों के अनुसार फ्लेक्सी-कैप फंड ने अन्य विविधीकृत इक्विटी फंड की तुलना में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले तीन वर्षों में इन फंडों ने औसतन लगभग 17 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर का रिटर्न दिया है। वहीं पिछले पांच वर्षों में इनका औसत रिटर्न लगभग 14.2 प्रतिशत रहा है। इसी कारण निवेशकों का भरोसा भी इन फंडों पर बढ़ रहा है। फरवरी 2026 में फ्लेक्सी-कैप फंड में करीब 6,925 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो इक्विटी म्यूचुअल फंड की विभिन्न श्रेणियों में सबसे अधिक रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि निवेशक शेयर बाजार में निवेश तो जारी रखना चाहते हैं, लेकिन वे ऐसी श्रेणी को प्राथमिकता दे रहे हैं जहां फंड प्रबंधकों को निवेश में लचीलापन मिलता हो।

#### अस्थिर बाजार में रणनीतिक विकल्प

फ्लेक्सी-कैप फंड निवेशकों के लिए इक्विटी पोर्टफोलियो का मुख्य हिस्सा बन सकते हैं। यदि निवेशक लंबे समय के लिए नियमित निवेश योजना के माध्यम से निवेश करते हैं तो वे बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद चक्रवृद्धि लाभ का फायदा उठा सकते हैं। साल 2025 में बाजार में देखी गई अस्थिरता के दौरान कई फ्लेक्सी-कैप फंडों ने अपने निवेश का झुकाव अपेक्षाकृत स्थिर बड़ी कंपनियों की ओर बढ़ा दिया था। साथ ही उन्होंने लगभग 15 से 20 प्रतिशत निवेश मझोली कंपनियों में बनाए रखा और अधिक जोखिम वाले छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश को सीमित कर दिया था।

#### निवेश से पहले रखें ध्यान

फ्लेक्सी-कैप फंड में निवेश करने से पहले निवेशकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए। सबसे पहले फंड प्रबंधक के पिछले प्रदर्शन और बाजार के विभिन्न चरणों में उनकी रणनीति को समझना जरूरी है। इसके अलावा यह भी देखना चाहिए कि फंड बड़ी, मझोली और छोटी कंपनियों में निवेश का संतुलन किस प्रकार बनाता है। निवेशकों को फंड के जोखिम प्रबंधन, खर्च अनुपात और पोर्टफोलियो के केंद्रीकरण जैसे पहलुओं का भी मूल्यांकन करना चाहिए। फ्लेक्सी-कैप फंड में निवेश करते समय फंड प्रबंधक की यह क्षमता बहुत महत्वपूर्ण होती है कि वह विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यांकन के अवसरों की पहचान कैसे करता है।

#### बाजार में लगातार बदलाव

विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण शेयर बाजार में अक्सर तेज उतार-चढ़ाव और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का रुझान बदलता रहता है। लंबे समय में बाजार के अलग-अलग हिस्से अलग समय पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में फ्लेक्सी-कैप फंड इन बदलावों का लाभ उठाने के लिए बेहतर स्थिति में होते हैं। यह निवेशकों के लिए फ्लेक्सी-कैप फंड व्यापक बाजार में निवेश का एक सुविधाजनक माध्यम हैं, क्योंकि इससे निवेश किसी एक क्षेत्र या श्रेणी तक सीमित नहीं रहता।

#### निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प

विशेषज्ञों का मानना है कि फ्लेक्सी-कैप फंड उन निवेशकों के लिए अधिक उपयुक्त हैं जिनका निवेश दृष्टिकोण लंबी अवधि का है और जो अल्पकालिक बाजार उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। यदि निवेशक नियमित और अनुशासित तरीके से निवेश करते हैं तो समय के साथ उन्हें बेहतर रिटर्न मिल सकता है। बदलते आर्थिक माहौल और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच फ्लेक्सी-कैप फंड निवेशकों के लिए ऐसा विकल्प बनकर उभर रहे हैं, जो जोखिम और अवसर के बीच संतुलन बनाते हुए दीर्घकालीन संपत्ति निर्माण में सहायक हो सकते हैं।

**अलर्ट** वरिष्ठ नागरिक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें, ताकि बाद में पछताना न पड़े

## बुजुर्गावस्था में अपनी आर्थिक स्थिति कैसे मजबूत करें समय रहते सही निवेश और आय के स्थायी स्रोत बनाएं

### आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्लान तैयार कर निवेश करें, इससे आसानी होगी

बिजनेस डेस्क

बढ़ती उम्र जीवन का स्वाभाविक चरण है, लेकिन इसके साथ आने वाली आर्थिक चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जब तक व्यक्ति युवा होता है, तब तक वह शारीरिक और मानसिक श्रम के माध्यम से नियमित आय अर्जित कर सकता है। किंतु 60 वर्ष की आयु के बाद शारीरिक क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है और आय के अवसर सीमित हो जाते हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने लगती हैं, जिससे खर्च भी अधिक हो जाता है। ऐसे में बुजुर्गावस्था में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय रहते निवेश की योजना बनाना बेहद आवश्यक हो जाता है। भारतीय समाज में परंपरागत रूप से यह माना जाता रहा है कि वृद्धावस्था में परिवार ही सबसे बड़ा सहारा होता है। लेकिन बदलती सामाजिक परिस्थितियों, छोटे होते परिवारों और बढ़ती जीवनशैली की लागत के कारण केवल पारिवारिक सहारे पर निर्भर रहना अब व्यावहारिक नहीं रह गया है। इसलिए यह जरूरी है कि व्यक्ति अपने कार्यकाल के दौरान ही ऐसी वित्तीय योजना बनाए जिससे रिटायरमेंट के बाद भी नियमित आय बनी रहे और उसे आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर न रहना पड़े।

#### क्यों जरूरी है रिटायरमेंट प्लानिंग

- युवावस्था में व्यक्ति शारीरिक और मानसिक श्रम से आय अर्जित कर सकता है।
- 60 वर्ष के बाद शारीरिक क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है।
- बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ता है।
- इसलिए बुजुर्गावस्था में नियमित आय का स्रोत होना बेहद जरूरी है।

#### पेंशन और सरकारी योजनाएं

सरकारी सेवा या कुछ निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को मासिक पेंशन मिलती है। कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस) संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद आय प्रदान करती है। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए है, जिसमें 60 वर्ष के बाद 1000 रुपये से 5000 रुपये तक मासिक पेंशन मिलती है।

#### वरिष्ठ नागरिक बचत योजना

- 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग निवेश कर सकते हैं।
- ब्याज दर लगभग 8.2% वार्षिक।
- न्यूनतम निवेश 1000 रुपये और अधिकतम 30 लाख रुपये।
- अवधि 5 वर्ष, जिसे आगे 3 वर्ष बढ़ाया जा सकता है।
- ब्याज का भुगतान हर तिमाही किया जाता है।
- आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत कर छूट का लाभ मिलता है।

#### डाकघर मासिक आय योजना

- नियमित मासिक आय का सुरक्षित साधन
- ब्याज दर लगभग 7.4%।
- एकल खाते में अधिकतम निवेश 9 लाख रुपये।
- संयुक्त खाते में 15 लाख रुपये तक निवेश संभव।
- लॉक-इन अवधि 5 वर्ष।
- ब्याज का भुगतान हर महीने किया जाता है।

#### सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी)

- एकमुश्त निवेश के बाद हर महीने या तिमाही निश्चित राशि निकाल सकते हैं।
- केवल कुछ यूनिट्स बिकती हैं, बाकी निवेश बढ़ता रहता है।
- यह उन सेवानिवृत्त लोगों के लिए उपयोगी है जो पूंजी को सुरक्षित रखते हुए आय चाहते हैं।

#### बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट

- वरिष्ठ नागरिकों को 6% से 8% तक ब्याज मिलता है।
- ब्याज दर बैंक और अवधि के अनुसार अलग-अलग हो सकती है।
- यह एक सुरक्षित और कम जोखिम वाला निवेश माना जाता है।

#### संपत्ति से आय के विकल्प

- मकान, दुकान या जमीन किराये पर देकर नियमित आय प्राप्त की जा सकती है।
- अनुभव का उपयोग कर ट्यूशन, लेखन, सलाहकार कार्य किया जा सकता है।
- किराने की दुकान
- घर का बना खाद्य पदार्थ बेचना
- ट्यूशन या कोचिंग
- ब्लॉगिंग या ऑनलाइन काम



#### 50 लाख निवेश करने पर संभावित आय

| योजना | निवेश राशि | अनु. ब्याज | मा.आय |
|---|---|---|---|
| व. नागरिक बचत योजना | 15,00,000 | 8% | 10,000 |
| डाकघर मासिक आय | 9,00,000 | 7.4% | 5,500 |
| बैंक मियादी जमा | 16,00,000 | 7% | 9,300 |
| अन्य पेंशन योजना | 10,00,000 | 7.4% | 6,000 |

कुल अनुमानित मासिक आय : लगभग 30,800

#### एक ही जगह निवेश न करें

रिटायरमेंट के बाद पूरी बचत एक ही जगह निवेश न करें। अलग-अलग योजनाओं में निवेश करने से जोखिम कम और आय स्थिर रहती है। यदि व्यक्ति बचत, निवेश और छोटे काम जारी रखे तो बुजुर्गावस्था में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रह सकता है। इससे आपको किी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा और बुढ़ापा आराम से कटेगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 15 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




सम्मान

## मां वैष्णवी मोटर्स में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान



**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैंड स्थित मां वैष्णवी मोटर्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का संचालक राजू सलूजा ने सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि विमला देवी तोरवा थीं। मुख्य अतिथि श्रीमती विधानी ने महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिला के बिना कोई भी परिवार पूरा नहीं हो सकता है। एक महिला से न केवल परिवार बल्कि समाज भी व्यवस्थित होता है। महिला में वह अद्भुत क्षमता है जो कि घर के साथ ही अपने कार्य क्षेत्र दोनों जगह बराबरी के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकती है।संचालक राजू सलूजा ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है। स्त्री के बिना जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है। हर दिन स्त्री को समर्पित है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक ऐसा अवसर है, जब महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है।

आयोजन

## सिंधी समाज की बेटियों को दिखाई गई केरला स्टोरी



**बिलासपुर।** सिंधी समाज द्वारा सनातन, संस्कृति, सामाजिक जागरूकता और समाज में सकारात्मक संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाज की लगभग 550 से अधिक बालिकाओं व मातृशक्तियों को 36 मॉल में निःशुल्क "केरल स्टोरी-2" फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर समाज की सुख-समृद्धि, एकता और सामाजिक सद्भाव की कामना की। इस मौके पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष विनोद मेघानी, सेंट्रल सिंधी युवा विंग के अध्यक्ष रॉबिन वाधवानी, कार्यकारी अध्यक्ष पवन वाधवानी, युवा विंग के पदाधिकारी नवीन लालवानी, विजय वाधवानी, मनोज मनसुखानी, सुनील आहूजा, जगदीश जज्ञासी, सेंट्रल सिंधी महिला विंग की गरिमा शाहनी, भारती सचदेव, प्राची भकतानी, नीतू खुशलानी, ज्योति पंजाबी और आरती मनवानी की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर समाज की एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया।

आयोजन

## केंवट निषाद समाज की वार्षिक महासभा 21 को डंगनिया में



**बिलासपुर।** केंवट निषाद समाज जाली-लगरा बिलासपुर परिक्षेत्र की वार्षिक महासभा का आयोजन 21 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम डंगनिया खैरा स्थित हाईस्कूल मैदान में किया जाएगा। इसकी तैयारी में समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुटे हैं। परिक्षेत्र के सचिव कृष्ण कुमार केंवट ने बताया कि महासभा में समाज के विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए सामूहिक निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही बिलासा छात्रावास, डबरीपारा चांटीडीह में निर्माणाधीन भवन की प्रगति और भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छात्रावास में लगभग 35 विद्यार्थी रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। नया भवन तैयार हो जाने के बाद दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को बिलासपुर में रहकर पढ़ाई करने की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। महासभा में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं समाज सेवियों का सम्मान किया जाएगा। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी होंगे। समाज के पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

कार्यक्रम

## दादी गुलजार का व्यक्तित्व लोगों को देता रहा प्रेरणा





**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी गुलज़ार का जीवन आध्यात्मिकता, समर्पण और पवित्रता का अद्भुत उदाहरण रहा। वे अपने शांत व विनम्र व्यक्तित्व से हजारों लोगों को आध्यात्मिक प्रेरणा देती रहीं। ये बातें ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी गुलजार की पांचवीं पुण्य स्मृति दिवस पर प्रभु दर्शन भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। दीदी ने बताया कि जब दादी गुलज़ार आध्यात्मिक सभा में गद्दी पर विराजमान होती थीं, तब हजारों लोगों की उपस्थिति में भी गहन मौन और अनुशासन का वातावरण बन जाता था। उनके शांत और स्थिर व्यक्तित्व से लोगों को गहरी शांति और आत्मिक शक्ति का अनुभव होता था। आज्ञाकारिता उनके जीवन के प्रमुख गुण थे। उन्होंने सदैव स्वयं को एक साधारण सेवाधारी आत्मा मानकर सेवा की। उनकी एकाग्रता और स्मरण शक्ति इतनी विलक्षण थी कि वे ईश्वरीय संदेशों को बिना किसी लिखित सहारे के ज्यों का त्यों सुनाती थीं।

# 36वें बिलासा महोत्सव का रंगारंग आगाज

**बिलासा कला मंच का आयोजन**

लोकसंस्कृति का जीवंत दर्शन करना हो आइए बिलासा महोत्सव में, जहाँ बिखरी है लोक के गीत संगीत और इसकी सौंधी महक। बिलासा कला मंच लगातार 36 वर्ष तक आम जनता तक स्वस्थ मनोरंजन के रुप में बिलासा महोत्सव लेकर आता रहा है।

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति हमारी पहचान है, इसे देखना है तो आइए बिलासा महोत्सव में : अमर अग्रवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित 36वें बिलासा महोत्सव में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में बिलासा महोत्सव की धूम रहती है, ऐसा आयोजन जहां मुझे अनेकों बार आने का अवसर मिला है।छत्तीसगढ़ में एक मात्र बिलासा कला मंच है जो लगातार 36 वर्षों से काम कर रहा है। स्थानीय और अंतरराज्यीय कलाकारों का प्रदर्शन देखने को मिलता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि वे अपने को भाग्यशाली मानते हैं कि वे इस मंच से जुड़े रहे हैं, वे इस आयोजन के महत्व को अच्छे से समझते हैं। इस भव्य आयोजन से न्यायधानी गौरवान्वित होती है। नए कलाकारों और प्रतिष्ठित कलाकारों को एक साथ मंच देना बिलासा कला मंच की खूबी रही है। विशिष्ट अतिथि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ रजनीश पांडे ने कहा कि उन्हें इस मंच में आने का अवसर मिला यह उनका सौभाग्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लोकगायिका कविता वासनिक राजनांदगांव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के आरंभ में ईष्ट देवों की आराधना के पश्चात सिरगिट्टी के वी एम स्कूल के छात्रों की शानदार प्रस्तुति दी गई। मंच के संस्थापक डॉ सोमनाथ यादव ने बताया कि लोक संस्कृति हमारी जीवनशैली को लेकर हमारी बिलासा कला मंच की टीम ने हरेली तिहार, अरपा बचाओ अभियान, शरदोत्सव, मूर्खाधिराज अभिषेक, एक दिवसीय ग्रामीण शिविर आदि आयोजनों से जनता को लोक संस्कृति से परिचय कराती है।



### कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

आज के कार्यक्रम में बिलासा साहित्य सम्मान से नंदराम यादव मुंगेली,बिलासा कला सम्मान सुश्री हिमानी वासनिक राजनांदगांव और बिलासा सेवा सम्मान से ईश्वर श्रीवास और उनकी सेवा टीम जोन्धरा को मंच द्वारा सम्मानित किया गया। देउरगांव साजा से आए गौतम चौबे की टीम महतारी के कोरा ने महतारी के पीरा प्रहसन प्रस्तुत कर सबको खूब हंसाया। बिलासपुर के रामावतार चंद्राकर की टीम ने रंगझाझर कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। राजनांदगांव से आए हिमानी वासनिक ने बेहतरीन भरथरी गीत संगीत की प्रस्तुति देकर सबको मोहित कर दिया। गायिका कविता वासनिक ने पता ले जा रे गीत को गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिए। सुरेश सिंह बैस के बोलती परछाइयां पुस्तक का विमोचन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास,रश्मि गुप्ता और महेंद्र ध्रुव ने किया।आभार प्रदर्शन मंच के संरक्षक चंद्रप्रकाश देवरस ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ चंद्रप्रकाश बाजपेयी, डॉ अजय पाठक, डॉ भगवती प्रसाद चंद्रा, डॉ सोमनाथ मुखर्जी, केवलकृष्ण पाठक, डॉ देवधर महंत, डॉ जी डी पटेल, महेश श्रीवास, राजेंद्र मौर्य, हरिश्चन्द्र वाद्यकार, सतीश पांडे, डॉ सुधाकर बिबे, रामेश्वर गुप्ता, यश मिश्रा, दिनेश्वर राव जाधव, अश्विनी पांडे, देवानंद दुबे, मनीष गुप्ता, विनोद गुप्ता, अनूप श्रीवास, महेश भार्गव, नरेंद्र कौशिक, अनिल व्यास, महेंद्र गुप्ता, महेंद्र साहू, ओमशंकर लिबर्टी, मनोहरदास मानिकपुरी, सुधीर दत्ता, प्रदीप कोशले, रामायण सूर्यवंशी, नीलकमल, उमेद यादव, श्यामकार्तिक, हिलेन्द्र ठाकुर सहित मंच के सदस्य और स्थानीय दर्शक उपस्थित रहे।

## वाद्य यंत्रों के साथ कर्मा, ददरिया देवार गीत की होगी प्रस्तुति

बिलासा महोत्सव का समापन समारोह का समापन रविवार 15 मार्च को होगा। जिसमें बालोद के लोक कलाकार संजू सेन और साथी कलाकारों द्वारा 50 से ऊपर वाद्य यंत्रों के साथ लोक संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

**बिलासा महोत्सव का आज होगा समापन**

सुप्रसिद्ध लोकगायिका रेखा देवार और उनकी मंडली देवार, कर्मा नृत्य की नयनाभिराम प्रस्तुति के बाद रायपुर की लोक कलाकार प्रभा कटारे तथा 25 कलाकारों द्वारा बारहमासी गीत संगीत नृत्य और आदिवासी नृत्य का प्रदर्शन होगा। ततपश्चात लिमहागढ़ के कलाकारों द्वारा आदिवासी करमा नृत्य की प्रस्तुति होगी। महोत्सव के मुख्य अतिथि अरुण साव उप मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेषर सिंह पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छग शासन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर बिलासा लोककला सम्मान लोक गायिका मंजू श्रीवास रायपुर, बिलासा साहित्य सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार बसंत साव रायगढ़, बिलासा सेवा सम्मान साजसेवी चंचल सलूजा अध्यक्ष स्वयंसिद्धा फाउंडेशन बिलासपुर और धनंजय सिंह समाजसेवी ग्राम सेलर को प्रदान किया जाएगा। वहीं बिलासा कला मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास द्वारा लिखित अरपा से अलास्का तक (यात्रा संस्मरण) का विमोचन होगा।

# चैत्र नवरात्रि 19 से, मंदिरों में तैयारियां शुरू

**इस बार 8 दिन की रहेगी, अष्टमी, नवमीं 26 को मनाई जाएगी एक साथ**





बिलासपुर। शहर के काली मंदिर तिफरा, हरदेव लाल मंदिर, शीतला मंदिर जीडीसी चौक, सतबहनिया मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई है। सफाई एवं रंग-रोगन का काम किया जा रहा है। इस वर्ष तिथियों की संयोग के कारण नवरात्रि 8 दिनों की होगी। जिसमें अष्टमी व नवमीं 26 मार्च को एक साथ मनाई जाएगी।

चैत्र नवरात्रि इस बार 19 मार्च गुरुवार से शुरू होकर 27 मार्च शुक्रवार तक रहेगी। घटस्थापना 19 मार्च को सुबह 6:52 से 7:43 तक की जा सकेगी। अष्टमी, नवमीं 26 मार्च को एक साथ रहेगी। इसी दिन हवन भी होगा और कन्या भोजन भी कराया जाएगा। राम नवमीं की भी धूम रहेगी। नवरात्रि का पारण 27 मार्च को होगा। मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी। नवरात्रि के पहले तीन दिन पंचक का साया रहेगा, जो 21 मार्च तक चलेगा। अभिजीत मुहूर्त में सुबह पूजा नहीं कर पाने पर दोपहर 12:05 से 12:53 के बीच कलश स्थापित की जा सकती है। यह समय दोषमुक्त होता है और कार्यों में सफलता की संभावना को बढ़ाता है।

### पहले दिन बन रहा है विशेष संयोग

नवरात्रि के पहले दिन विशेष संयोग बन रहा है। इस शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करना अत्यंत शुभ रहेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार इसी दिन से विक्रम संवत 2083 'सिद्धार्थी' आरंभ होगा। जिसे नई शुरुआत और संकल्पों के लिए बहुत शुभ माना जाता है। पहला दिन मां शैलपुत्री की आराधना और कलश स्थापना को समर्पित है। यह समय भक्ति के जरिए खुद को शुद्ध करने और इच्छाएं पूरी करने का रहेगा।

### होगा आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार

19 मार्च को चंद्रमा और सूर्य दोनों ही मीन राशि में गोचर करेंगे। जिससे एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। इस दिन शुक्ल योग रहेगा, जो किसी भी नए कार्य की शुरुआत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

### होगा कलश का प्रज्जवलन

शहर के सभी देवी मंदिरों में हर नवरात्रि में श्रद्धालु भक्तों द्वारा कलश का प्रज्जवलन कराया जाता है। इसके लिए मंदिरों के कलश प्रज्जवलन स्थल की सफाई कर पूरी व्यवस्था की जा रही है। काली मंदिर तिफरा सहित अन्य मंदिरों में कलश जलवाने रसीद काटी जा रही है।

## कलाकारों ने दी गीत, नृत्य की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें लक्ष्मण चंदानी, सुमन चतुर्वेदी एवं कला मंजरी के कलाकारों ने गीत, नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने परिवार, समाज में महिलाओं की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डाला। एकल परिवार में बुजुर्गों की स्थिति विषय पर भी चर्चा की गई। विद्या गोवर्धन और बबीता बिबे ने आज के समय में संयुक्त परिवार को आवश्यक बताया। संस्था के पदाधिकारियों की पत्नियों का सम्मान अध्यक्ष व अन्य सदस्यों ने किया। सम्मानित होने वालों में भारती दीक्षित, शीला शर्मा, आरती गुप्ता, विद्या अग्रवाल, सत्यभामा अवस्थी शामिल रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन एवं महिला ऑटो चालक को संस्था द्वारा आकर्षक उपहार दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिता दीवान, रंजना दीक्षित, शशि देवांगन, शशि मेहर, सीता गुप्ता, जगदीश सलूजा, नीरज अग्रवाल, डीके शर्मा, सुरेश शर्मा, बालगोविंद अग्रवाल, डीपी गुप्ता, प्रभात मिश्रा, शैलेन्द्र गोवर्धन, रामनारायण राव का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ सत्यभामा अवस्थी ने किया।



## सी-बाक्स पोर्टल महिलाओं को दिलाएगा त्वरित न्याय

**बिलासपुर।** शास. ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में महिला लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 एवं सी-बाक्स पोर्टल की जानकारी, नियम एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सीमा गोस्वामी ने कहा कि यह पोर्टल महिलाओं को सुरक्षित एवं त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. साहू ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि सीमा गोस्वामी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिला लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के विभिन्न प्रावधानों, महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित नियमों तथा कार्यस्थल व शिक्षण संस्थानों में शिकायत निवारण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित सी-बाक्स पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की विधि समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनुचित घटना होने पर चुप न रहें, बल्कि कानूनी माध्यमों का उपयोग कर अपने अधिकारों की रक्षा करें। अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें।



**एसईसीएल को मिला दूसरा स्थान**

# एसईसीएल कोल इंडिया अंतर कंपनी शतरंज प्रतियोगिता में डबल्यूसीएल बना विजेता

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल कोल इंडिया अंतर कंपनी शतरंज प्रतियोगिता में डब्ल्यूसीएल की टीम विजेता और एसईसीएल की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की मेजबानी में आयोजित कोल इंडिया अंतर कंपनी शतरंज प्रतियोगिता का समापन शनिवार को एसईसीएल वसंत विहार टाउनशिप स्थित वसंत क्लब में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल के निदेशक तकनीकी/संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार उपस्थित रहे। समापन समारोह में एसईसीएल के निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेशक वित्त डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन तथा निदेशक तकनीकी योजना परियोजना रमेश चंद्र महापात्र, विभिन्न श्रम संघ प्रतिनिधि सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं होतीं, बल्कि विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, टीम भावना और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह, खेल भावना और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता, सीखने की भावना और निष्पक्ष खेल की भावना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया।




प्रतियोगिता में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब जीता। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वितीय स्थान पर रही, जबकि महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया की सभी आठ अनुषंगी कंपनियों के साथ-साथ सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उच्च स्तर के खेल कौशल, एकाग्रता और रणनीतिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### भक्त माता कर्मा जयंती पर साहू समाज की शोभायात्रा आज

**सीपत।** संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती के पावन अवसर पर साहू समाज के तत्वावधान में तहसील स्तरीय शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को दोपहर 3 बजे साहू समाज भवन सीपत से विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी। इसके पश्चात शाम 4:30 बजे भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्त माता कर्मा की महिमा का गुणगान करेंगे। वहीं शाम 5:30 बजे भक्त माता कर्मा की भव्य महाआरती संपन्न होगी और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### मोपका में होली मिलन फाग महोत्सव आज

**मोपका।** होली मिलन एवं फाग महोत्सव मोपका के ठाकुर देव मंदिर प्रांगण में 15 मार्च रविवार को शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार नीलकमल वैष्णव प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में शामिल होने जिले के सभी विधायक एवं पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के आकाश जितेंद्र यादव जिला सचिव कांग्रेस कमेटी ने दी।

### यादव समाज का होली मिलन कार्यक्रम आज

**मोपका।** दिशा यादव समाज की ओर से रविवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन खैरा डंगनियां के लक्ष्मी नारायण मंदिर जगशाला प्रांगण में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में यादव समाज के जिला भर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजक जिला यादव समाज एवं गोवर्धन पूजा समिति द्वारा किया गया है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल यादव ने दी।

### मोपका में कर्मा जयंती कार्यक्रम आज

**लगरा।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती 15 मार्च को उत्सव के रूप में मनाने के लिए मोपका बंधवा तालाब स्थित भक्त माता कर्मा मंदिर परिसर में तहसील स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### तामेश बने युवा मोर्चा बोदरी के मंडल अध्यक्ष

**बोदरी।** तामेश कौशिक को भारतीय जनता युवा मोर्चा के बोदरी मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पर उन्होंने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का संकल्प लिया है। तामेश ने कहा कि, पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है। वे पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने मार्गदर्शन और समर्थन के लिए विधायक धरमलाल कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।



### पेंड्रा में होगा कन्नौजिया समाज का अधिवेशन

**सीपत।** छत्तीसगढ़ कन्नौजिया कुंभकार समाज का पांचवां महाधिवेशन पेंड्रा राज के भर्रीडांड़ में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन का आयोजन 29 व 30 मार्च को सुबह 9 बजे से दीनदयाल प्रजापति के निवास स्थान के पीछे होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची शामिल होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत वन सभापति राधा मुरारी रैदास, जनपद सदस्य सिम्मी दिलीप साहू, सरपंच सुमन सिंह वाकरे उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कुंभकार समाज रतनपुर राज के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुंभकार ने दी है। उन्होंने अधिक से अधिक कुंभकार समाज के लोगों को अधिवेशन में शामिल होने की अपील की है।

### जिला स्तरीय समन्वयक के लिए साक्षात्कार 20 को

**मुंगेली।** आदिवासी विभाग अंतर्गत अनुसूचिज जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी व सुचारू क्रियान्वयन हेतु चिन्हित अनुभाग स्तर पर एमआइएस प्रशासक के 1 पद पर भर्ती हेतु आवेदन 30 मार्च तक आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि, जिला स्तरीय समन्वयक के 1 पद पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण तथा दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत सूची जारी की गई है। इसके लिए साक्षात्कार 20 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

### रि-यूनियन करवा कर किया गया प्रकरण का निबटारा

# लोक अदालत में फिर से बसा परिवार, एक हुए पति-पत्नी



नेशनल लोक अदालत में पति–पत्नि में राजीनामा।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली**

नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय मुंगेली के समक्ष रखे गए प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य रि-यूनियन करवा कर प्रकरण का निपटारा किया गया।

प्रकरण की आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह 3 अक्टूबर 2012 को संपन्न हुआ था एवं दोनों के दाम्पत्य संबंधों से उन्हें एक पुत्र संतान प्राप्त हुआ। कुछ समय पश्चात पति का व्यवहार अपनी पत्नी व अपने पुत्र के प्रति क्रूरतापूर्ण हो गया। वह अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। जिसे पत्नी कुछ समय तक सहन करती रही, परंतु पति के व्यवहार में कोई अंतर नहीं आया। जिससे डरकर पत्नी अपने बच्चे सहित अपने मायके में कष्टपूर्वक रह रही थी। परेशान पत्नी ने अपने पति के विरूद्ध स्वयं के लिए एवं पुत्र के लिए भरण–पोषण का मामला प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में परिवार न्यायालय मुंगेली के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार द्वारा पति एवं पत्नी के मध्य काउंसलिंग कर उन्हें पुराने विवादों को भुलकर जीवन को नये सिरे से शुरू करने के संबंध में एवं में एवं पति-पत्नि के रूप में साथ रहने के संबंध में समझाईश दी गई। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये एवं उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत 14 मार्च में निराकरण करते हुए पति-पत्नि के मध्य रि-यूनियन स्थापित की गई।

## 2213 मामलों का निराकरण

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में शनिवार 14 मार्च शनिवार को व्यवहार न्यायालय पेंड्रारोड में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में सिविल निष्पादन के 17, विद्युत से संबंधित 3 तथा क्रिमिनल अपील के 3 प्रकरणों सहित कुल 23 मामलों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एकता अग्रवाल के न्यायालय में क्रिमिनल के 3, मोटर दुर्घटना दावा का 1 तथा निष्पादन का 1 प्रकरण सहित कुल 5 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश बाबू साहू के न्यायालय में सिविल प्रीलिटिगेशन से संबंधित 642 तथा क्रिमिनल के 589 प्रकरणों सहित कुल 1231 मामलों का निराकरण किया गया। वहीं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कुमारी सीमा जगदला के न्यायालय में बैंक रिकवरी से जुड़े 453, जल कर से संबंधित 101, निष्पादन के 75 तथा क्रिमिनल के 964 मामलों का निराकरण किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यवहार न्यायालय पेंड्रारोड में कुल 2213 प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालत के दौरान न्यायालय परिसर में उपस्थित पक्षकारों को नेल्सा स्कीम 2025 के तहत विधिक जागरूकता की जानकारी भी दी गई। साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति गौरेला-पेंड्रा-मरवाही द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिससे जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। रक्तदान शिविर में अधिवक्ता शैलेन्द्र चतुर्वेदी, दीपक सोनी, रितेश गुप्ता, पुष्पेन्द्र वैश्य, संतोष साहू, अधिवक्ता कुमारी शीतला तिवारी तथा प्रस्तुतकार मनीष कुमार नामदेव सहित अन्य लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति सराहनीय योगदान दिया। इस दौरान प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एकता अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश बाबू साहू, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी कुमारी सीमा जगदल्ला, न्यायालय के कर्मचारी, अधिवक्ता तथा पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित थे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**मुंगेली।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।

## निधन

### जोहन सिंह नागेशी



**तखतपुर।** ग्राम केकराड़ निवासी जोहन सिंह नागेशी का 60 वर्ष की आयु में 14 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम केकराड़ में किया गया। वे देवन सिंह के पिता एवं नितेश, नितिन, निखिल, दिव्यांश सिंह दादा थे।

### रेखा राय



**बिलासपुर।** मसानगंज निवासी श्रीमती रेखा राय पति स्व. रामदास राय का 85 वर्ष की आयु में 14 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 मार्च को प्रातः 9:30 बजे उनके निवास स्थान मसानगंज से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे पूर्व पार्षद जितेंद्र (जीतू) राय की माता थीं।

### नन्दू राम साहू



**बिलासपुर।** पूर्व अध्यक्ष देशहा साहू समाज ग्राम कोड़ापुरी नन्दू राम साहू का 14 मार्च को हो निधन गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कोड़ापुरी में किया गया। वे विद्या नन्द, श्यामानन्द, रामानंद स्व. दयानन्द, देवानन्द एवं भगवती साहू के पिता थे।

## सीएम साय ने की पशुपालकों से चर्चा




**सकरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम लाखासार ग्राम में गौधाम योजना के शुभारंभ अवसर पर पशुपालकों एवं ग्रामीणों से गौधाम पर चर्चा की और इसके विकास के लिए सुझाव मांगा। इस पर ग्रामीणों ने सीएम को गौ संरक्षण के विषय पर कई सुझाव दिए मुख्यमंत्री ने सुझाव के लिए पशुपालकों का आभार जताया। लाखासार ग्राम में गौधाम योजना का शुभारंभ करने एवं विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति होने पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य राकेश तिवारी, गांव के सरपंच अलख राम निर्मलकर, उपसरपंच अनिल राजपूत, पूर्व सरपंच एवं गौधाम संचालक प्रमोद पप्पू शर्मा, लक्ष्मी लच्छी श्रीवास, अभिनव उपाध्याय, यशवंत दुबे, ब्रम्हानंद मिश्रा, आनंद अवस्थी, डॉ प्रवीण तिवारी, महेश पाल, जलेश्वर जोगी, विनोद कोलाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, विशाल विक्की सिंह, अश्वनी शर्मा, दिनेश राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जिला पंचायत सदस्य द्रुय भारती माली, अंबिका साहू, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, नैनलाल साहू, दिनेश साहू, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जनपद सदस्य श्याम सिंह ध्रुव अरुण चौहान रंजना तुलसी कौशिक, सावित्री मरकाम, रामकुमार सिंगरौल, ऋषभ कश्यप, गीता यादव, कविता महेश यादव, सीमा श्रीवास, शालनी सुभाष गढ़ेवाल, अनिल शर्मा, सूरज मिश्रा, अशोक ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, सौरभ पांडेय, राज कश्यप, संतोष वस्त्रकार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद अवस्थी, संदीप श्रीवास, घनश्याम कौशिक, बलराम पटेल, भाजपा नेता सतीश सोनकर, राजकमल साहू, जितेंद्र सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

## डिप्टी सीएम साव ने ग्रामीणों के साथ खेली होली

**हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी**



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर के मंगलम भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्रवासियों के साथ हर्षोल्लास से होली मनाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

समारोह में परिवारजनों के साथ पूरे उत्साह से रंगों का पर्व मनाया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोरमी के परिवारजनों को संबोधित करते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और खुशियों का त्योहार है। आप सभी का इतने स्नेह के साथ यहां उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि, यह कार्यक्रम किसी औपचारिक आयोजन की तरह नहीं है, यह लोरमी परिवार का मिलन है। उन्होंने सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आकर्षक प्रस्तुति दी गई। लोक गायिका गरिमा दिवाकर-स्वर्णा दिवाकर और उनकी टीम ने फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। पारंपरिक गीतों और रंग-गुलाल के बीच उपस्थित लोग उत्साह के साथ झूमते नजर आए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## डीईओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



मुंगेली। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत आज मंडल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे एवं मंडल सदस्य ऋषि कश्यप ने पीएमश्री बीआर साव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने परीक्षा केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अनुशासन, गोपनीयता एवं परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया।

इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने केंद्र प्रबंधन एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए परीक्षा के दौरान अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्ष मालिक राम दिवाकर, संस्था के उपप्राचार्य आरएस क्षत्रिय, सहायक केंद्राध्यक्ष दिनेश घोंसले, विकास नाथ जोगी, गनपत घृतलहरे, टीएस साहू तथा वीपी टंडन उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार, गया जेल



**जरहागांव।** घर में अकेली पाकर नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना जरहागांव उपस्थित पीड़िता के परिवार छोटे बच्चे के साथ रोजगार हेतू कमाने खाने गुजरात गया हुआ था तथा उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री गांव मे घर पर अकेली रहकर कक्षा 7वीं की पढ़ाई कर रही थी। 9 मार्च को बालिका ने अपने पिता को फोन कर बताया कि, उसकी तबियत ठीक नहीं है व उसे खतरा महसूस हो रहा है। सूचना पर प्रार्थी 12 मार्च को गुजरात से वापस पहुंचा। वापस आने पर बच्ची ने उसे बताया कि 28 फरवरी की रात लगभग 10-11 बजे जब वह कमरे से बाथरूम गई और आई तो अरविन्द सोनवानी पिता धर्मेन्द्र पहले से ही कमरे मे मौजूद था। इससे पहले कि बच्ची कुछ समझ पाती, युवक ने उसके हाथ और मुंह पर कपड़ा बांधकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया, और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 65,65(1),333,351(3) बीएनएस 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान पीड़िता का मेडिकल कराया गया व कथन लेने के पश्चात अन्य साक्ष्य एकत्रित कर आरोपी अरविन्द सोनवानी पिता धर्मेन्द्र उम्र 20 वर्ष निवासी फरहदा को हिरासत मे लिया गया।



## विस घेराव को लेकर कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय बैठक

**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर 17 मार्च को विधानसभा घेराव करने का आव्हान किया गया है। इसी संदर्भ में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी की बैठक स्थानीय स्थानीय सहारा परिसर में आयोजित की गई।

बैठक में 17 मार्च को होने वाले विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए विस्तृत रूप चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की गई, साथ ही अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने चर्चा की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त मस्तूरी विधानसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह बाटू, विधायक दिलीप लहरिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, पूर्व अध्यक्ष शंकर यादव, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, चित्रकांत श्रीवास, सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शपथ पत्र

**नाम भिन्नता संबंधी सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, दीपिका दयाल पिता श्री राजेश्वर दयाल, निवासी मकान नं.-T-77, वार्ड नं. 7, रिंग रोड, चंदेला नगर, बिलासपुर-495001 (छ.ग.), यह शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा पुराना नाम दीपिका को त्याग कर नया नाम दीपिका दयाल पिता श्री राजेश्वर दयाल है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में प्रयोजनों हेतु दीपिका दयाल पिता श्री राजेश्वर दयाल 2 से जाना जाएगा।

स्थान-बिलासपुर
दिनांक-28 .02 .2026
हस्ताक्षर
दीपिका दयाल

### AFFIDAVIT

Newspaper publication
(Name variation notice)

I hereby declare that It is informed to the general public that I. Dipeeka Dayal, daughter of Shri Rajeshwar Dayal, aged about 27 years, residing at House No. T-77, Ward No. 7, Ring Road, Chandela Nagar, Bilaspur 495001 (C.G.) have changed my Old name Deepika daughter of Shri Rajeshwar Dayal.

In future I should be recognized by my new name that is Dipeeka Dayal, daughter of Shri Rajeshwar Dayal in all Government and other documents

Place: Bilaspur
Date: 28.02.2026
**Dipeeka Dayal**

### सूचना प्रकाशन बाबत

निवेदन है कि मैं मनोज श्रीवास उम्र 44 साल पिता श्री जलेश्वर श्रीवास जाति नाई निवासी पाठक पारा वार्ड क्रमांक 07, तखतपुर थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का हूँ जो कि मेरे स्वामित्व की एक चारपहिया वाहन मारूति बलेनो रंग सफेद पंजीयन क्रमांक सीजी 10/ एवाय / 7577 को वर्ष 2020 में किश्तों पर क्रय किया था, जिसे रूपये पैसो की आवश्यकता होने पर दिनांक 08/04/2021 को जावेद जायसी आयु 44 साल पिता मोहम्मद जायसी निवासी वार्ड क्रमांक 09 बजरंग नगर मेन रोड तखतपुर के पास बिक्री कर 1,21,000/- रू. एक लाख इक्कीस हजार रूपये नगद प्राप्त कर शेष किश्त 11,790/- रू. प्रतिमाह क्रेता द्वारा के अदा किए जाने के शर्तो के साथ विक्रय कर कब्जा सौंप दिया था, तथा समक्ष नोटरी तखतपुर 50/-रू. गैर न्यायिक स्टाम्प पर मय दो गवाह एक इकरारनामा भी निष्पादित करवाया था जिसकी मूल प्रति क्रेता के पास ही है। उक्त वाहन को विक्रय किये लगभग 5 वर्ष हो चुके है, जब मुझे फायनेंस कम्पनी के द्वारा किश्त अदा न किये जाने की सूचना प्राप्त हुई तो मुझे जानकारी हुई कि क्रेता जावेद जायसी ने उक्त वाहन का नामांतरण अपने नाम पर नहीं करवाया है, यदि बिक्री तारीख के बाद कोई दुर्घटना या दावा किया जाता है, तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी क्रेता की रहेगी, ऐसा इकरारनामा में उल्लेखित है इसके पश्चात भी क्रेता के द्वारा वर्तमान तक नामांतरण नहीं करवाया इस वजह से भविष्य में कोई घटना घटित होती है, तो इसकी जवाबदारी न हो इस संबंध में सूचना प्रकाशित करने की दया हो।

प्रार्थी
**मनोज श्रीवास पिता श्री जलेश्वर श्रीवास निवासी पाठक पारा वार्ड क्रमांक 07 तखतपुर थाना तखतपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ज्ञापन**

क्रमांक / कार्यालय/रा.नि./क्यू./2026कोनी / दिनांक 13/03/2026

1. सुशील कुमार छाबड़ा पिता प्रीतमलाल छाबड़ा 2 रमेश साहू पिता सुन्दर लाल साहू 3.महेश साहू पिता बनवारी साहू 4.राजकुमार द्विवेदी पिता रामधन द्विवेदी 5.कृष्णकुमार द्विवेदी पिता विश्राम द्विवेदी 6.दौलतराम वस्त्रकार पिता विश्राम वस्त्रकार 7. पुन्नीदास बैरागी पिता रामजी दास बैरागी 8.रोज मेरी पति एस.डी. ईलिस

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बावत सूचना पत्र ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 284/1 रकबा क्रमशः 0.0930 हे. के सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के न्यायालय में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 16/03/20226 को समय 2.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व कोनी**
**तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 27/01/2026

प्रति,

1. आवेदक जैनेन्द्र गुप्ता पिता स्व. जवाहरलाल गुप्ता आवेदक के बताए अनुसार सीमपस्थ भूमि स्वामी 2. रमाकांत गुप्ता ग्राम. जूना बिलासपुर 3. सुधीर सिंग 4. राजेश गुप्ता 5. राजकुमार साहू पिता लालजी साहू 6. गीताराम साहू पिता पुन्नीराम 7. निरंजन लाल 8. कोयला कर्मचारी एवं गृह निर्माण समिति 9. फलेश्वर प्रसाद पिता बेदीलाल यादव

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बावत एवं आप सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 16/12/2025

ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 189/2, 703/1 रकबा 0.0930, 0.1260 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक जैनेन्द्र गुप्ता निवासी जूना बिलासपुर के द्वारा छ.ग. राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना.तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 16/03/2026 को समय 10.00 से 05.00 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 27.01.2026

प्रति,

1. आवेदक रमाकांत गुप्ता पिता स्व. कृष्ण कुमार गुप्ता आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. जैनेन्द्र गुप्ता वगैरह 3. राजेश गुप्ता 4. सुधीर सिंह 5. राजकुमार साहू पि. लाल जी साहू 6. गीताराम कुम्भकार पि. पुनीराम 7. निरंजन लाल 8. कोयला कर्मचारी एवं गृह निर्माण समिति लगरा 9. कलेश्वर प्रसाद पि. बेदीलाल यादव एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**

संदर्भ : न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना. तह./ वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 16.12.2025

ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 189/3, 703/2 रकबा 0.0930, 0.1260 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक रमाकांत गुप्ता निवासी बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन 16.03.26 को समय 10:00 से 05:00 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- कोटा, तहसील- कोटा, जिला- बिलासपुर छ.ग.

**//सूचना पत्र//**

क्रमांक/क/सीमांकन/रा.नि./2026
कोटा, दिनांक 12.03.2026

प्रति,

आवेदक/आवेदिका - माधो कश्यप पिता जगन्नाथ कश्यप समीपवर्ती कृषक/सहखातेदार भूमिस्वामी 1. श्रीमती सरिता शर्मा पति राकेश शर्मा 2. श्रीमती उमादेवी पति राजेन्द्र कुमार वगैरह 3. महामाया बिल्डर्स एवं डेवलपर्स करगीरोड कोटा द्वारा अजय अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल

विषय :- सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित होने बाबत्।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक//वा./तह./2025 कोटा दिनांक 23.05.2025

एतद् द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि आवेदक माधो कश्यप पिता जगन्नाथ कश्यप के द्वारा मौजा ग्राम रानीसागर प.ह.नं.- 26 रा.नि.मं. व तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 125/2, 125/5 रकबा 0.2430, 0.2020 का सीमांकन के लिए छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उक्त आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 19.03.2026 को समय 12.00 से 5.00 बजे के मध्य किया जाना है। अतः आप भूमि संबंधी दस्तावेज सहित स्थल पर नियत दिनांक को मौके पर उपस्थित होवे ताकि सीमांकन की कार्यवाही की जा सके। अनुपस्थित रहने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. व तह. कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 27/01/2026

प्रति,

1. आवेदक विकास गुप्ता पिता जैनेन्द्र गुप्ता आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. राजेश गुप्ता 3. मुरारीलाल गुप्ता (वगैरह)

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बावत एवं आप सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 16/12/2025

ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 707/1 रकबा 0.2020 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक विकास गुप्ता निवासी बिलासपुर के द्वारा छ.ग. राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना.तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 16/03/2026 को समय 10.00 से 05.00 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र./Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक-27/01/2026

प्रति,

1. आवेदक राजेश गुप्ता पिता स्व.रामनारायण गुप्ता आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी। 2. रमाकांत वगैरह सा.जूना बिलासपुर 3. विकास गुप्ता सा.जूना बिलासपुर एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

**विषय:** सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

**संदर्भ:** न्यायालय तहसीलदार /ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्र./Q/तह./ ना. तह./ वा./2026

ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 706 रकबा 0.1290 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक राजेश गुप्ता निवासी बिलासपुर के छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 16/03/26 को समय 10.00 बजे से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर

**सीमांकन सूचना/ स्थल जाँच**

प्रति, 1. आवेदक अवनीश कुलमित्र 2. संतोष चन्द्राकर 3. इंदू चतुर्वेदी 4. मंजू श्रीवास 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषय:- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 09.02.2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उसलापुर प.ह.न. 60 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 209/1/च/2 रकबा 0.0190 एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी अवनीश कुलमित्र पिता/ पति सनत कुमार निवासी बेमेतरा के द्वारा सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 18/03/2026 को समय 11:00 से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।

टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

राजस्व निरीक्षक, सकरी

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### युवती के इलाज के लिए राजपूत युवा मोर्चा ने दी आर्थिक मदद



**लोरमी।** सेमरिया निवासी कमल नारायण सिंह राजपूत की सुपुत्री ज्योति बीमारी से पीड़ित हैं, जिनका वर्तमान में निजी हॉस्पिटल में उपचार जारी है। उनके इलाज के लिए राजपूत युवा मोर्चा ने 60 हजार 431 रुपए की आर्थिक मदद उनके परिवार को दी है। व्याख्याता श्याम सिंह ने कहा, ज्योति अध्ययनरत छात्रा है एवं लम्बे दिनों से अस्वस्थ होने से उसकी पढ़ाई रुकी हुई है। उनके इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया गया। अध्यक्ष संजय सिंह ने राजपूत समाज के दानदाताओं व क्षत्राणी संघ के सहयोग के लिए उनके प्रति आभार जताया। इस अवसर पर नर सिंह राजपूत, बिनोद सिंह पूर्व पार्षद, नंदलाल सिंह, पूनम सिंह, अर्थ संकलन प्रभारी महावीर सिंह, रामकुमार सिंह, अशोक फौजी, विनोद सिंह, सतीश सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र फौजी, धर्मजीत सिंह, मयंक सिंह, बलराज सिंह, रामायण सिंह, मुकेश सिंह, विमल सिंह, शेर सिंह, रितेश सिंह, कृष्णचंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### गर्मी बढ़ने से ताजे फलों व पेय पदार्थों की मांग हुई तेज



**तखतपुर।** नगर में बढ़ती गर्मी के साथ ही ठंडे और ताजगी देने वाले फलों तथा पेय पदार्थों की मांग तेज हो गई है। इन दिनों बाजारों और सड़कों के किनारे गन्ने के रस, ककड़ी और तरबूज की दुकानों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का ठंडा रस पीना और ककड़ी-तरबूज जैसे रसीले फलों का सेवन करना पसंद कर रहे हैं। दोपहर के समय गन्ने के रस की मशीनों के पास ग्राहकों की कतार लग जाती है, वहीं ककड़ी और तरबूज के ठेलों पर भी खरीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि, जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, इन फलों और रस की बिक्री भी बढ़ती जा रही है। गन्ने का रस शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है, जबकि ककड़ी और तरबूज शरीर में पानी की कमी को दूर करने में सहायक होते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी गर्मी के मौसम में ऐसे प्राकृतिक पेय और फलों के सेवन की सलाह देते हैं, क्योंकि ये शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं। इसी कारण नगर में इन दिनों गन्ने के रस, ककड़ी और तरबूज की बिक्री में काफी वृद्धि देखी जा रही है।

### कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**बेलगहना।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उपका में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं एवं छठवीं के विद्यार्थियों ने मिलकर अपने वरिष्ठ साथियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत भावुक और आत्मीय रहा। समारोह के दौरान कनिष्ठ विद्यार्थियों ने कक्षा आठवीं के छात्रों का स्वागत किया और उनके साथ बिताए पलों की यादों को साझा किया। छोटे बच्चों ने अपने वरिष्ठ साथियों के अच्छे व्यवहार, अनुशासन और सहयोग की भावना का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम के दौरान कई छात्र-छात्राएं अपने वरिष्ठ साथियों से विदा लेते समय भावुक हो उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। अपने शिक्षकों से मिलते समय भी बच्चों ने भावुक होकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे जीवन में आगे बढ़कर अपने मित्रों और साथियों का सहयोग करेंगे तथा अपने गांव और विद्यालय को सदैव याद रखते हुए उसके विकास के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक सूर्यकांत वाजपेई ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षिका मीरा जगत, के प्रति विशेष सम्मान प्रकट किया और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा मोनिका मार्को तथा अतिथि शिक्षिका दिशा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। अत्यंत भावुक वातावरण के साथ विदाई समारोह का समापन हुआ।

### शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए 7 आवेदन

**मुंगेली।** शिक्षा विभाग के अंतर्गत मृत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच पूर्ण कर ली गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कुल 7 आवेदकों द्वारा अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जिनके अभिलेखों का परीक्षण किया जा चुका है। इनमें विश्वास मरावी पिता स्व रामबिहारी मरावी, गोपाल सिंह ध्रुव पत्नी स्व तिलोचनी मरावी, रोशन ध्रुव पिता स्व रामभरोस ध्रुव, इंद्रजीत बंजारे माता स्व उर्मिला भास्कर, सुरेखा राठौर पति अजय कुमार राठौर, प्रियंशी लाल माता स्व अंशुमाला लाल व हितेश कुमार बघेल पिता स्व मोहर सिंह बघेल शामिल हैं। इन सभी ने अपने स्वर्गीय परिजनों के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जिनका परीक्षण किया गया है। इस संबंध में किसी को दावा-आपत्ति हो तो, वे 10 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मुंगेली में प्रमाण सहित अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

### महिला सम्मान समारोह में शामिल हुईं कौशल्या साय

# महिलाओं के बिना समाज का विकास असंभव: कौशल्या




**भर्रीडांड़।** दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन व आरोग्य श्री हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में सद्भावना भवन मरवाही में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी समाज सेविका तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कंवर समाज कौशल्या विष्णुदेव साय ने शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके बाद महिलाओं को दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन व आरोग्य श्री हॉस्पिटल के बैनर तले प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे और समस्त जनप्रतिनिधियों की भारी संख्या में मौजूदगी रही। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके योगदान और समाज में उनकी भूमिका की सराहना की गई।

स्वागत भाषण में दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रियदर्शिनी सिंह नहरेल ने फाउंडेशन के उद्देश्य और कार्यशैली से सबको परिचित कराया। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खेलारी ने अपने भाषण में मुख्य अतिथि कौशल्याविष्णु देव साय को कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का धन्यवाद देते हुए संस्था के महिला सम्मान कार्यक्रम की भरपूर सराहना की। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि, जिले में पहली बार किसी निजी संस्था ने ऐसा आयोजन किया है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई संस्थाएं काम करती है लेकिन दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन और आरोग्य श्री हॉस्पिटल के इस आयोजन ने महिलाओं को हर क्षेत्र में उत्साहित करने हेतु सराहनीय आयोजन किया है। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में महिलाओं के अधिकारों और उनकी स्थिति को लेकर चर्चा की। उक्त आयोजन में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, महिला स्वालंबन, कला, प्रशासनिक, पुलिस, व आध्यात्म सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

#### महिलाएं समाज की रीढ़

मुख्य अतिथि कौशल्या विष्णुदेव साय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं, और उनके बिना समाज का विकास असंभव है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि, वे अपने अधिकारों के लिए आगे आएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा, महिलाओं का प्रयास तभी सार्थक होता है जब वे अपनी सामूहिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों को समझते हुए अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु लगन से कार्य करती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी महिलाओं को सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से दक्षिण सेवा फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रियदर्शिनी सिंह नहरेल, डायरेक्टर योगेंद्र सिंह नहरेल, सदस्य राजू चंद्र भागवत, चंद्रावती, हॉस्पिटल के संचालक एनके जायसवाल, अजीत राय सहित जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष मधु बाबा गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य राधा मुरारी रैदास, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा, वरिष्ठ समाज सेविका उर्मिला राय, विश्व हिंदू परिषद की जिला आयोजिका प्रिया द्विवेदी, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आयुष मिश्रा, कन्हैया दुबे, आकर्ष प्रताप सिंह, सूर्यकांत चंदेल सहित समस्त विभागों के अधिकारी तथा भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रही।

## सड़क दुर्घटना के घायलों को कैशलेस इलाज की सुविधा

**मुंगेली।** जिले में सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को अब तत्काल और कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को 'गोल्डन ऑवर' यानी दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1.50 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। अक्सर दुर्घटना के बाद शुरुआती समय में इलाज मिलने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए इस योजना में गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के अस्पतालों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत जिले के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी, पथरिया, सरगांव तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगेली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेतगंगा, पंडरभट्ठा, जरहागांव, बरेला, घोरपुरा, दशरंगपुर, नवागांव चीनू, पालचुवा, कंतेली, पदमपुर, भठलीकला, साल्हेघोरा, खुड़िया, सेमरसल, खपरीकला, खैरवार खुर्द, चंदली, लालपुरथाना, देवरहट, राम्हेपुर एन, बरमपुर, अमोरा, भटगांव, सिलदहा, खम्हरिया, रामबोड़, जगताकापा, बेलखुरी को शामिल किया गया है। इसी तरह क्रिश्चियन हास्पिटल मुंगेली, सिद्धार्थ हास्पिटल मुंगेली, अवध लाइफ केयर, ए-वन हास्पिटल, लाइफ लाइन हॉस्पिटल, पारख मल्टिस्पेशिलिटी और यशोदा हास्पिटल मुंगेली सहित कई स्वास्थ्य संस्थानों को शामिल किया गया है।

- योजना में जिले के विभिन्न अस्पताल शामिल

## गायत्री परिवार ने पीएम व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भेजा ज्ञापन




**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य जिले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की जिला अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़े पदाधिकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। गायत्री शक्तिपीठ पेंड्रा से जुड़े एलएन वैश्य एवं नरेश कुमार गोयल ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ को मांग पत्र प्रेषित किया है। मांग पत्र में कहा गया है कि, जीपीएम जिला आदिवासी क्षेत्र में स्थित है एवं यहां बड़ी संख्या में आदिवासी, किसान और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग निवास करते हैं। जिला अस्पताल में कई महत्वपूर्ण चिकित्सीय सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों का अभाव होने के कारण क्षेत्र के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में जिला अस्पताल जीपीएम में ईएनटी विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, आईसीयू वार्ड, सिटी स्कैन-एमआरआई मशीन तथा सोनोग्राफी के लिए रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की तत्काल आवश्यकता बताई गई है। इन सुविधाओं के अभाव में मरीजों को छोटी-छोटी जांच और उपचार के लिए भी बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में रेफर कर दिया जाता है, जो जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर है। मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि, लंबी दूरी और आर्थिक तंगी के कारण कई मरीज समय पर इलाज नहीं करा पाते, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है। कई बार मरीजों की रास्ते में ही मृत्यु होने जैसी दुखद घटनाएं भी सामने आती हैं।

## सिद्ध बाबा क्रिकेट क्लब स्पर्धा में खमतराई बनी विजेता



**मस्तूरी।** सिद्ध बाबा क्रिकेट क्लब लावर की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली। पूरे आयोजन में खेल के प्रति युवाओं का जोश और खेल भावना का शानदार नजारा दिखाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक के पुत्र एवं छग कांग्रेस अजा के प्रदेश संयोजक अरविंद लहरिया उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव कांग्रेस अशोक राजवाल, खेत्रो महानंद तथा जनपद सदस्य प्रतिनिधि कार्तिकराम पटेल की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि अरविंद लहरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि, खेल युवाओं को अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना का पाठ सिखाता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक खेल गतिविधियों से जुड़ने और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खमतराई टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जयरामनगर टीम उपविजेता रही। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य आसिम महिलांगे, दीपक गेंदले, अजय गेंदले, अक्षय बघेल, विनेक गेंदले, गोपाल चांदने, सहदेव गेंदले, सजीव खुटे, ज्वाला गेंदले, मजनू खुटे, रघु खुटे, निर्भय महिलांगे, राजा महिलांगे, सागर निषाद, राहुल निषाद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के खेल प्रेमी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गर्मी में संभावित पेयजल संकट से निबटने की तैयारियां शुरू




**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट से निपटने के लिए अग्रिम तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगरीय क्षेत्र के 22 वार्डों में जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। नगर पालिका मुंगेली सीएमओ होरी सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्षों में ग्रीष्मकाल के दौरान लगभग 4 वार्डों में अस्थायी पेयजल संकट तथा करीब 05 वार्डों में आंशिक पेयजल संकट की स्थिति देखी गई थी, जबकि शेष वार्डों में सामान्य रूप से पेयजल आपूर्ति होती रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने इस वर्ष पहले से ही आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। वर्तमान में नगर पालिका द्वारा 225 सबमर्सिबल पावर पंप तथा 10 हैंडपंप के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जल वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए 6 वार्डों में पाइपलाइन विस्तारीकरण हेतु निविदा आमंत्रित की गई है, जबकि शेष वार्डों में पाइपलाइन विस्तार का प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा रहा है। इसके अलावा नगर पालिका द्वारा 30 से अधिक पावर पंपों एवं उनके स्टार्टर की मरम्मत कराई गई है। साथ ही पाइपलाइन से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर उनका निरंतर निराकरण भी कराया जा रहा है, ताकि गर्मी के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की समीक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए 11 मार्च को दोपहर 3 बजे नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

## नपा अध्यक्ष शुक्ला ने पेश की संवेदनशीलता की मिसाल



**मुंगेली।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित गौसेवा धाम में अब बेसहारा गौवंश को चिलचिलाती धूप और बारिश से स्थायी निजात मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने गौ-संरक्षण के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए अपने अध्यक्ष मद से 9 लाख 55 हजार रुपए की राशि शेड निर्माण हेतु स्वीकृत की है। गौ सेवा धाम कल्याण समिति पिछले लंबे समय से गौवंश के लिए एक पक्के शेड की आवश्यकता महसूस कर रही थी।

मुंगेली में कई दिग्गज जनप्रतिनिधियों और प्रभावशाली नेताओं के होने के बावजूद, यह मांग वर्षों से लंबित थी। समिति के सदस्यों का कहना है कि, बरसात और गर्मी के मौसम में मवेशियों को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। अध्यक्ष रोहित शुक्ला की इस पहल ने न केवल इस समस्या का समाधान किया है, बल्कि मुंगेली के इतिहास में गौ-सेवा के प्रति एक नया मानक भी स्थापित किया है। अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने केवल राशि की अनुशंसा ही नहीं की, बल्कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि, निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कराया जाए। उनका उद्देश्य है कि, आगामी मौसम की मार से पहले गौवंश के लिए सुरक्षित छत तैयार हो सके। गौसेवा धाम कल्याण समिति के सदस्यों ने नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला से मुलाकात कर उनका आभार जताया। साथ ही एक औपचारिक पत्र सौंप कर श्री शुक्ला के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सीएमओ होरी सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## डीईओ का निर्देश, सुबह 7.30 बजे से लगेंगे स्कूल

**भर्रीडांड़।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परिपत्र जारी कर शाला संचालन के लिए समय निर्धारण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 16 मार्च से सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक कक्षाएं लगेंगी। इस आशय का परिपत्र सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूल और प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला को जारी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि, 16 मार्च से सुबह प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो रही है। इसलिए केन्द्रीकृत समय सारिणी में दिये गए समयानुसार उक्त परीक्षाएं संचालित करने हेतु जिले की समस्त शालाएं प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक तक 16 मार्च से सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक लगाने के निर्देश दिए जाते है। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की परीक्षा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित होगी। यह आदेश जिले की समस्त अशासकीय शालाओं पर भी लागू होगा तथा बोर्ड की परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य इस आदेश से प्रभावित नहीं होंगे। शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

## टीबी उन्मूलन को गति देने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को प्रशिक्षण



**मुंगेली।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीबी उन्मूलन को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा और जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को टीबी रोग के लक्षण, जांच प्रक्रिया, उपचार पद्धति, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट तथा ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही निक्षय निरामय अभियान फेज-2 से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ सुदेश कुमार रात्रे ने बताया कि प्रशिक्षण में विभिन्न सूचकों एवं लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रें में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीपीसी अमिताभ तिवारी द्वारा आगामी निक्षय निरामय अभियान से जुड़ी गतिविधियों और तैयारियों की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी गई। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने भाग लेकर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को क्षेत्र में टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बीएमओ पथरिया डॉ अमित लाल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक निमिष मिश्रा सहित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सचिव लेतफलांग ने पदाधिकारियों से किया संवाद

## कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा

**पेंड्रा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी जेरिता लेतफलांग के मुख्य आतिथ्य में जिला कांग्रेस कमेटी जीपीएम की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय केशव गार्डन रॉयल पैलेस में आयोजित की गई।

- कांग्रेस की विचारधारा घर-घर तक पहुंचाने के लिए करें काम

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जेरिता लेतफलांग ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि, कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए सक्रियता के साथ कार्य करें। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजमती भानु ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों और जिले में कांग्रेस पार्टी की स्थिति पर विस्तार से जानकारी दी। पूर्व विधायक डॉ. केके ध्रुव ने भी संगठनात्मक एकजुटता और सक्रियता पर बल दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय समन्वयक अर्चना पोर्ते, नारायण शर्मा, राकेश मसीह, अमोल पाठक, रमेश साहू, मालती वाकरे, अनिता टिमोथी तथा लालचंद सोनवानी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और जनता के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने की बात कही। बैठक का संचालन पुष्पराज सिंह व आभार प्रदर्शन राकेश मसीह ने किया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, राकेश मसीह, रमेश साहू, मुद्रिका सर्राटी हरीश राय, गुलाब राज, नारायण शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, बलबीर सिंह क्रसायल, दया वाकरे, मूलचंद कुशराम वीरेंद्र सिंह बघेल, आलोक शुक्ला, रियांश सोनी नितेश साहू,अमोल पाठक, पवन केशरी शिवांश दुबे सुफियान अंसारी,संतोष मरावी राहुल नागेश रामरतन पेन्द्रो अमित सोनी चंद्रभान मरावी, शैलेंद्र यादव विनय चौबे, रेखा तिवारी, सुनीता तीमोंथी, मदन सोनी, मोती चंद जैन, मालती वाकरे, खुशबू केसरवानी मंजू सिंह, श्वेता मिश्रा, गिरिजा रानी पोटाम, सुमित्रा साहू, कृष्णा पटेल मुद्रिका सिंह ,बाला कश्यप, लालचंद सोनवानी सहित अन्य मौजूद थे।




## डंगनिया-बिनैका के लिए 11 केवी फीडर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

क्षेत्र के ग्राम डंगनिया एवं बिनैका सहित आसपास के गांवों में लंबे समय से बनी बिजली समस्या को लेकर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने अलग से 11 केवी फीडर की मांग उठाई है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में बिजली लाइन लगभग 8-9 गांवों से घूमते हुए बिनैका व अन्य सुदूर इलाको के गांवों तक पहुंचती है, जिसके कारण लगातार बिजली कटौती, कम वोल्टेज और तकनीकी बाधाएं बनी रहती हैं। और सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के समय मे हफ़्तों तक बिजली खम्भे टूटने, फाल्ट होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि डंगनिया-बिनैका के लिए अलग फीडर स्वीकृत कर जल्द निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को सुचारू एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके और वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके।



## खबर संक्षेप

### एक मकान, तीन पान ठेलों में चोरों का धावा

**बिलासपुर।** चोरों ने आंतक मचाते हुए एक मकान व तीन पान ठेलों में धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवर, नकद रकम, खाद्य सामग्री की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सकरी पुलिस के अनुसार, ब्राम्हण मोहल्ला निवासी रमाशंकर उपाध्याय डेंटल कालेज के पास पान ठेला चलाते हैं। 13 मार्च की रात 10 बजे पान ठेला बंद कर घर चले गए थे। 14 मार्च की सुबह 7 बजे वे पान ठेला खोलने आए तो ताला टूटा मिला। अंदर में रखा गुटखा, सिगरेट, कोल्डड्रिंक, चाकलेट, लीची ड्रिंक, पान सामान, गल्ले से 3 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। वहीं उनके बगल के पेंडारी निवासी शत्रुहन बंजारे, ममता खांडे के पान ठेला से सामान चोरी हो गई है। तीनों दुकान से 50 हजार रुपए की सामान चोरी कर लिया गया है। इसी तरह पेचपड़ी क्षेत्र के कुकुर्दीकेरा निवासी प्रमोद जायसवाल 8 मार्च को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित उज्जैन महाकाल का दर्शन करने चले गए थे। 13 मार्च की सुबह 7 बजे वे परिवार के साथ लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो आलमारी से सोने का हार, 2 कंगन, 2 मंगलसूत्र, 3 अंगूठी, 3 टाप्स, 1 मांगसिटी, 1 नथनी, 3 पायल, कमरबंद सहित डेढ़ लाख के जेवर चोरी हो गए थे। सूचना पर पुलिस घर व पान ठेलों का निरीक्षण कर अपराध कायम कर लिया है।

### चलती कार का दरवाजा खोलने से दंपती घायल

**बिलासपुर।** चलती कार में महिला चालक के द्वारा अचानक दरवाजा खोलने से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर जुनियर केसर निवासी पीडब्ल्यूडी से सेवा निवृत्त विजय बाबू द्विवेदी 13 मार्च की शाम 5 बजे अपने बाइक क्रमांक सीजी 10 एजे, 1622 से अपनी पत्नी अनिता को पीछे में बैठाकर सरकण्डा जा रहे थे। शबरी कन्या महाविद्याल के पास आगे जा रही कार क्रमांक सीजी 10 एएम, 7915 की महिला चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अचानक दरवाजा खोल दी। जिससे टकराकर वे बाइक सहित गिर गए। हादसे में दंपती घायल हो गए हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर महिला चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### स्कूटी की डिक्की से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने शादी समारोह में स्कूी की डिक्की की लॉक तोड़कर



सोने के जेवर, मोबाइल, नकद रकम चोरी करने वाले केटरिंग कर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, धौराभाठा निवासी चंद्रप्रभा साहू 12 मार्च को मुखी विहार शादी में शामिल होने गई थीं। कर्मी अधिक होने से उन्होंने सोने के जेवर निकालकर अपनी स्कूटी की डिक्की में जेवर, मोबाइल, नकद रकम रखकर लॉक कर दी। घर जाते देखी तो डिक्की खुली हुई थी। सिटी उठाकर देखी तो डिक्की में रखे जेवर, मोबाइल, नकद रकम चोरी हो गई थी। श्रीमती साहू चोरी की सूचना पुलिस दी। पुलिस शादी घर में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाला तो शादी समारोह में ठेकेदार के साथ केटरिंग का काम करने वाला लोरमी राम्हेपुर वार्ड क्रमांक 13 निवासी अजय पाण्डेय पिता बृजमोहन पाण्डेय 26 साल चोरी करते नजर आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर अलग अलग जगहों में जेवर, मोबाइल व नकद रकम छिपाना बताया। उसके निशानदेही पर चोरी गया सोने की एक जोड़ी झुमका, एक जोड़ी कान का टाप्स, मोबाइल, नकद रकम बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

परीक्षा ले रहे सीजी बोर्ड से

अभिभावकों का स्कूलों के साथ शिक्षा विभाग का घेराव, विभाग ने कहा कोई परेशानी नहीं होगी, एडमिशन भी होगा

# 10 स्कूलों ने मोटी फीस लेकर साल भर सीबीएसई बोर्ड पाठ्यक्रम से पढ़ाई कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के 10 से अधिक निजी स्कूलों में साल भर तो पढ़ाई सीबीएसई पैटर्न पर हुई लेकिन अब परीक्षा सीजी बोर्ड से ली जा रही है। इससे छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी परेशान हैं। सबसे बड़ी टेंशन इस बात की है कि पूरा पेपर 16 मार्च से लिया जा रहा है तो छात्रों के पास तैयारी का समय भी नहीं है।

अलग खबर

हालांकि लगातार अभिभावकों की शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि सीबीएसई पैटर्न कक्षा 9 वीं से ही शुरू होता है और 8 वीं तक सीजी और सीबीएसई पैटर्न में अधिक अंतर नहीं होता। शिक्षा विभाग की ओर से यह भी कहा गया है कि 8 वीं के बाद सीबीएसई बोर्ड में एडमिशन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। इसके लिए सभी स्कूलों को साफ निर्देश दिए गए हैं। बिलासपुर में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक निगरानी दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के 10 से अधिक छोटे-बड़े स्कूलों पर आरोप है कि पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान खुद को सीबीएसई पैटर्न का स्कूल बताकर सैकड़ों छात्रों का प्रवेश लिया गया। इस दौरान अभिभावकों से मोटी फीस वसूली गई और एनसीईआरटी आधारित पढ़ाई कराई गई, लेकिन सत्र समाप्ति के समय बच्चों को छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षा में बैठाने की तैयारी शुरू कर दी गई।

### छात्रों को मार्कशीट भी सीजी बोर्ड की ही मिलेगी




जानकारी के मुताबिक इन स्कूलों में बड़ी संख्या में छात्रों का प्रवेश कराया गया और प्रति छात्र एक लाख रुपए से अधिक फीस वसूली गई। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब राज्य शासन की ओर से छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें स्कूलों को मुफ्त वितरण के लिए उपलब्ध थीं, तो स्कूल ने उनका उठाव क्यों नहीं किया। शिक्षा विभाग के अनुसार इन स्कूलों ने सरकारी किताबें लेने के बजाय छात्रों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए कहा। अभिभावकों का सवाल भी यही है कि जब पूरी पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड से हुई तो परीक्षा सीजी बोर्ड से कैसे ली जा सकती है। अभिभावकों में इस बात की भी नाराजगी है कि मार्कशीट भी सीजी बोर्ड की ही दी जाएगी।

### स्टूडेंट पर मानसिक दबाव और शैक्षणिक असंतुलन

मामला इसलिए और गंभीर हो जाता है क्योंकि बताया जा रहा है कि इन विद्यालयों को सीबीएसई की मान्यता 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होनी है। मतलब कि जिस सत्र में बच्चों को सीबीएसई पैटर्न का भरोसा देकर पढ़ाया गया, उस दौरान विद्यालय के पास औपचारिक मान्यता ही नहीं थी। अब कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों को एससीईआरटी पैटर्न की परीक्षा देने के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे अभिभावकों में भारी नाराजगी है। अभिभावकों का कहना है कि उन्होंने बेहतर शिक्षा और सीबीएसई पाठ्यक्रम के नाम पर अपने बच्चों का दाखिला कराया था। इसके लिए लाखों रुपये फीस दी गई और निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदवाई गईं। पूरे वर्ष बच्चों को एनसीईआरटी आधारित किताबों से पढ़ाया गया, लेकिन अब अचानक राज्य बोर्ड की परीक्षा का फैसला बच्चों के लिए मानसिक दबाव और शैक्षणिक असंतुलन पैदा कर रहा है।

### विभाग के निगरानी के दावों की खुली पोल

इस बारे में कुछ स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि फीस का संबंध केवल बोर्ड से नहीं बल्कि विद्यालय की सुविधाओं, संसाधनों और गुणवत्ता से होता है। उनका तर्क है कि चाहे सीबीएसई हो या छत्तीसगढ़ बोर्ड, फीस उसी आधार पर तय होती है। यह भी कहा गया कि एनसीईआरटी और एससीईआरटी पाठ्यक्रम में बहुत अधिक अंतर नहीं होता और बेहतर तैयारी वाले छात्र राज्य बोर्ड की परीक्षा भी दे सकते हैं। लेकिन इस पूरे विवाद के बीच सबसे बड़ा सवाल वही है जो हर अभिभावक के मन में है—यदि विद्यालय के पास सीबीएसई की मान्यता नहीं थी, तो फिर पूरे साल सीबीएसई पैटर्न के नाम पर पढ़ाई और प्रवेश कैसे चलता रही। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि शिक्षा विभाग की निगरानी के बावजूद यह सब प्रशासन की नाक के नीचे होता कैसे रहे।

### नियमों के खिलाफ है

अभिभावकों की शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधनों को दस्तावेजों सहित कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जब तक सीबीएसई की मान्यता प्राप्त नहीं थी, तब तक सीबीएसई के नाम पर प्रवेश देना और उसी आधार पर पढ़ाई कराना नियमों के खिलाफ है। यदि पूरे वर्ष बच्चों को एनसीईआरटी से पढ़ाया गया और अब उन्हें एससीईआरटी पैटर्न की परीक्षा में बैठाया जा रहा है तो यह छात्रों के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय है। यदि सीबीएसई के नाम पर प्रवेश लेकर बाद में राज्य बोर्ड परीक्षा में बैठाया जा रहा है तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि एक बड़ा षड्यंत्र भी हो सकता है।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी



बेलगहना क्षेत्र के जंगल में लगी आग बुझाते ग्रामीण।

बेलगहना वन क्षेत्र में बढ़ी लपटें, ग्रामीण बुझा रहे हैं आग

# धरी रह गईं तैयारियां, रोज जंगल में लग रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जंगल को आग से बचाने वन विभाग के द्वारा की गई सभी तैयारियां धरी की धरी रह गईं। प्रतिदिन एक न एक वन परिक्षेत्र में आग लगने की घटना हो रही है। बिलासपुर वन मंडल के बेलगहना वन परिक्षेत्र में जुड़े जंगल में आग लगातार लग रही है, जिसे बुझाने वाला अमला ही नजर नहीं आ रहा है।

- बुझाने के लिए वनकर्मी ही नहीं

फरवरी से जून तक समय फायर सीजन होता है। इन महीनों में जंगल के अंदर स्वाभाविक आग लगती है। शरारती तत्वों के द्वारा भी महुआ बिनने के लिए जानबूझकर आग लगा दी जाती है। इसे देखते हुए ही मुख्यालय से हर साल समय से पहले आदेश जारी कर सतर्क रहने का आदेश दिया जाता है और अलग से अग्नि प्रहरी को तैनात करने के लिए बजट भी आता है। मुख्यालय से आदेश तो जारी हो जाते हैं पर मैदानी स्तर पर इसमें अमल नहीं होता। पिछले तीन चार दिनों के अंतराल में बेलगहना परिक्षेत्र के टेंगनमाड़ा सर्किल अंतर्गत कसईबहरा के पीएफ कक्ष क्रमांक 2414 के अलावा अन्य स्थानों पर लगी थी। धुंआ उठता देख कुछ ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना भी दी, लेकिन विभाग इतना सतर्क नजर आया कि जानकारी मिलने के बाद भी मौके पर कोई नहीं पहुंचा। करीब आधा घंटे के बाद वन क्षेत्र में लगे आग की सूचना वन कर्मचारियों को दी गई। सूचना मिलने के बाद परिसर रक्षक कान्हा वर्मा, फायर वाचर पुनिराम, सुधराम सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जहां 1.80 हेक्टेयर में लगी आग को बुझाने का काम किया गया। इस संबंध में कोटा एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि गर्मी में फायर सीजन चलता है, इस दौरान कहीं भी आग लगने की घटना पर तत्काल उसे बुझाने का काम किया जा रहा है। जंगल में ज्यादातर सूखे पत्तों पर आग लग रही है, जिसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है।



अस्पतालों में समय पर नहीं हो रहा है प्रोसेस

# पर्याप्त फंड फिर भी जननी सुरक्षा की नहीं मिल रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुरक्षित प्रसव के बाद महतारियों को दी जाने वाली जननी सुरक्षा योजना की राशि फंड होने के बाद भी नहीं बांटी जा रही है। स्वास्थ्य केन्द्र और अस्पतालों में हजारों आवेदन पेंडिंग है। वहीं तकनीकी दिक्कतों के कारण हितग्राहियों को राशि भुगतान में देरी हो रही है। इस दौरान महीनों तक हितग्राहियों को राशि पाने के लिए अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं।

- कई हितग्राही महीने भर से चक्कर लगा रहे

जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रसूता हितग्राही लाभांवित नहीं हो पा रही है। प्रसव होने के बाद उनके खाते में राशि जारी करने में लापरवाही बरती जा रही है। इसी वजह से जननी सुरक्षा योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में नहीं जा रही है। हर महीने सिम्स में 600 व जिला अस्पताल में 380 से अधिक डिलवरी कराई जाती है। इसके साथ ही जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में भी डिलवरी कराई जाती है। संस्थागत प्रसव के बाद शहरी क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 1400 रुपए देने का प्रावधान है। प्रक्रिया के अनुसार प्रसव होने के बाद हितग्राहियों के बैंक खाता नंबर लिया पर सप्ताह में राशि खाते में हस्तांतरित करने का प्रावधान है लेकिन महीनों से कई हितग्राहियों को राशि नहीं मिल सकी है। इसका कारण आवेदनों में अनावश्यक विलंब होना है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीएमओ, सिम्स, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्रों को आईडी दे दी गई है, इन आईडी से ही भुगतान किया जाता है, लेकिन प्रक्रिया में विलंब होने के कारण हितग्राहियों को भुगता पड़ता है। हालत यह है कि सिम्स में रोजाना कई हितग्राही अपनी राशि लेने के लिए भटकते है। काउंटरों में उन्हें जवाब तक नहीं दिया जाता है।

### शिकायत सुनने वाला कोई नहीं

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जाने वाले जननी सुरक्षा योजना के फंड की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त राशि होने के बाद भी महज विभागीय लचर व्यवस्था के चलते हितग्राहियों को राशि समय पर नहीं मिल रही है। इस बारे में कई बार अधिकारियों को भी शिकायत मिलती है लेकिन शिकायत पर जांच और फिर कार्रवाई अबतक नहीं हो सकी है।

### दूसरे जिले के भी आवेदन

दरअसल नियमानुसार जिस सरकारी संस्थान में प्रसव किया गया है, वहां ही जननी सुरक्षा योजना का फार्म भर दिया जाता है, इसके साथ ही मितानिन भी फार्म भरकर स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में जमा कराती है। खास बात यह है कि सिम्स, जिला अस्पताल में दूसरे जिले के हितग्राही भी आवेदन करते है, ऐसे में उनके फार्म की जांच करने में विलंब किया जाता है। साथ ही हितग्राहियों के बैंक खाते, आधार कार्ड, विवाह पंजीयन जैसे दस्तावेजों में त्रुटि होने पर भी राशि रोक दी जाती है, लेकिन ऐसे मामलों की जानकारी हितग्राही को देना जरूरी है लेकिन अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देते हैं।

### मुझे जानकारी नहीं

जनवरी माह तक सभी आवेदनों में राशि जारी कर दी गई है। बीएमओ, जिला अस्पताल और सिम्स को फंड दे दिया गया है। प्रक्रिया में थोड़ी बहुत दिक्कत होती है लेकिन महीनों से नहीं मिल सका है ऐसी जानकारी मुझे नहीं है।

**-डॉ शुभा गरेवाल**
सीएमएचओ, बिलासपुर

### ऐसे मामले गिने चुने ही हैं

सिम्स में जननी सुरक्षा योजना हितग्राहियों के राशि पेंडिंग जैसी बात सामने नहीं आई है। कई बार केवाईसी नहीं होने, आधार अपडेट और खाता अपडेट नहीं होने के कारण भुगतान रूक सकता है, लेकिन इसकी जानकारी बैंक द्वारा हमें दी जाती है। जिसे फिर से सुधार कर भेजा जाता है। ऐसे मामले गिने चुने ही है।

**-डॉ लखन सिंह**
अधीक्षक, सिम्स

### बेटी की शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत



**बिलासपुर।** बेटी की शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे पिता की बाइक की टक्कर से मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, ग्राम सोंठी निवासी घासीराम राज 70 साल अपने परिचित किशन उर्फ रामू ठाकुर और कार्तिक राम मरावी के साथ बाइक से बेटी श्यामा राज की शादी का कार्ड बांटने निकले थे। गुरूवार की शाम 6.30 बजे तीनों कार्ड बांटकर वापस लौट रहे थे। ग्राम उनमी के तिराहा सोसायटी के पास मेन रोड में सामने से आ रही बाइक सीजी 10 बी एक्स, 4725 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घासीराम राज गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए सीपत अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। वहीं उनके दोनों साथियों का इलाज चल रहा है। पिता की मृत्यु के खबर से शादी की खुशी मातम में बदल गई है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता पुत्र घायल

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, टिकरापारा कंसा चौक निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी गिरजा शंकर 14 मार्च को सुबह 6.30 बजे अपने बेटे कोमल कांत को उसलापुर स्टेशन छोड़ने अपनी बाइक क्रं. सीजी 10 ईके, 8315 से जा रहे थे। उसलापुर ब्रिज मोड के पास सामने से आ रहे कार क्रं. सीजी 04 क्यूडी, 6716 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पिता पुत्र घायल हो गए हैं। मामले की रिपोर्ट पर कार के चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# घर से काम पर जाने निकले युवक की लाठी, राड मारकर जघन्य हत्या



मृतक।

**बिलासपुर।** घर से काम पर जाने निकले युवक की लाठी राड से ताबड़तोड़ हमलाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।



सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, शनिवार की शाम संबलपुरी के सरपंच ने सूचना दी गांव के एक खेत में संबलपुरी निवासी सतीश कौशिक पिता भीष्म कौशिक 26 साल की लाश मिली और उसके सिर, चेहरे में चोट के निशान हैं। श्री चौधरी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। प्रथम दृष्ट्या हत्या प्रतीत होने पर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई गई। हत्या की खबर से गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष की भीड़ लग गई। पूछताछ में घरवालों ने पुलिस को बताया, मृतक रोजी मजदूरी का काम करता था। रोज की तरह शनिवार को दोपहर 12 बजे वह गांव के छोटे नामक युवक के साथ काम पर जाने निकला था। उसके दोनों को गांव में शराब पीते देखा गया है। उसके बाद खेत में सतीश कौशिक की खून से लथपथ लाश मिली है। घटना के बाद से छोटे नामक युवक गांव से फरार हो गया है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123



कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, दूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411